# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 15 अगस्त 2024





छत्तीसगढ़ शासन
हर घर तिरंगा
15 अगस्त 2024
स्वतंत्रता दिवस
हमारी शान तिरंगा
हमारी जान तिरंगा
आइये मनाएँ अपनी
आज़ादी का उत्सव
विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में
छत्तीसगढ़ महतारी के आँगन में
शान से लहराता रहे हमारा तिरंगा
गाँव में हो या शहर में
तिरंगा लहराए हर घर में
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएँ...
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
- विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से
जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करें।
विष्णु के सुशासन से सँवर रहा छत्तीसगढ़
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## हेड कांस्टेबल यादैया को सर्वोच्च पुलिस सम्मान


चादुवु यादैया
हेड कांस्टेबल

बहादुरी के लिए सर्वोच्च पुलिस सम्मान तेलंगाना पुलिस के हेड कांस्टेबल चादुवु यादैया को देने की घोषणा की गई है। उन्हें 25 जुलाई 2022 को दो कुख्यात चेन झपटमारों और हथियार तस्करों को पकड़ने में 'असाधारण वीरता' का परिचय देने के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। गृह मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि दोनों अपराधियों ने पुलिसकर्मी पर 'क्रूरतापूर्वक' हमला किया और उसके पूरे शरीर पर चाकू से लगातार वार किया लेकिन पुलिसकर्मी ने उन्हें शेष पेज 2 पर

## राहुल भगत सहित राज्य के 25 पुलिस अधिकारी पुलिस पदक से होंगे सम्मानित


राहुल भगत


आनंद सिंह रावत


राजकुमार मिंज

■ पुलिस वीरता, विशिष्ट सेवा एवं सराहनीय सेवा पदक की घोषणा

रायपुर। स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पहले गृह मंत्रालय ने पुलिस पदकों का ऐलान किया है। इनमें मुख्यमंत्री के सचिव आईपीएस राहुल भगत समेत 25 पुलिस अधिकारियों और पुलिस कर्मियों के नाम शामिल हैं। आईपीएस भगत को सराहनीय सेवा के लिए पदक से सम्मानित किया जाएगा। वहीं विशिष्ट शेष पेज 2 पर

### ये होंगे वीरता पदक से सम्मानित

शिशुपाल सिन्हा, निरीक्षक, बालोद, निर्मल जांगड़े, उप निरीक्षक, कांकेर, प्रधान आरक्षक अमैया चिलमुल, फुल्ला गोपाल, तुलाराम कुहरामी जिला बीजापुर से हैं। वहीं शेष पेज 2 पर

देश के गौरव विंग कमांडर वर्नोन डेसमंड कीन वीएम को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

## इंजन खराब होने के बावजूद लड़ाकू विमान को सुरक्षित उतारा, विंग कमांडर वेरनॉन को शौर्य चक्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

असाधारण वीरता और साहस के लिए विंग कमांडर वर्नोन डेसमंड कीन वीएम को 'शौर्य चक्र' से सम्मानित किया गया है। विंग कमांडर वर्नोन डेसमंड कीन वायु मेडल सेना (31215) फ्लाइंग पायलट एक लड़ाकू स्क्वाड्रन की तैनात ताकत पर है। 24 जुलाई 23 को जगुआर लड़ाकू विमान पर उड़ान के दौरान शेष पेज 2 पर


वर्नोन डेसमंड कीन वीएम, विंग कमांडर


दीपक कुमार स्क्वाड्रन लीडर

**शौर्य चक्र पाने वाले दो जवान**

1. वर्नोन डेसमंड कीन वीएम, विंग कमांडर
2. दीपक कुमार, स्क्वाड्रन लीडर

### स्क्वाड्रन लीडर दीपक ने रात में कराई जेट की लैंडिंग

स्क्वाड्रन लीडर दीपक कुमार इस समय एयर फोर्स स्टेशन हकीमपेट में तैनात हैं। उन्हें 25 अगस्त 2023 को उड़ान के दौरान उनके विमान से पक्षी टकराया, जिससे इंजन में आग लग गई। उन्होंने तुरंत जेट की लैंडिंग का निर्णय लिया। रात में सीमित संकेतों शेष पेज 2 पर

**वायु सेना मेडल (वीरता) पाने वाले 6 जवान**

- जसप्रीत सिंह संधू, विंग कमांडर
- अक्षय अरुण महाले, विंग कमांडर
- आनंद विनायक अगाशे, विंग कमांडर
- महिपाल सिंह राठौर, स्क्वाड्रन लीडर
- विकास राघव, जूनियर वारंट ऑफिसर
- अश्वनी कुमार, फ्लाइट गनर




# स्वतंत्रता दिवस से पहले बड़ी मुठभेड़
# चार आतंकवादी मार गिराए, कैप्टन शहीद

एजेंसी ▶▶ जम्मू

शिवगढ़-अस्सार पट्टी में छिपे विदेशी आतंकवादियों की तलाश में सुरक्षाबलों और पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया और इस दौरान घने जंगल वाले इलाके में उनके बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में कैप्टन दीपक सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए जिसके बाद उन्हें सैन्य अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से चार बैग मिले हैं जिनमें खून लगा है। इससे यह समझा जा रहा है कि मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए हैं। साथ ही वहां से एम-4 कार्बाइन भी बरामद की गई हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) आनंद जैन ने अपराह्न करीब दो बजे संवाददाताओं को बताया कि इलाके शेष पेज 2 पर



- कश्मीर के डोडा जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में आतंकियों के साथ मुठभेड़
- 48 राष्ट्रीय राइफल्स के कैप्टन दीपक सिंह शहीद
- एक नागरिक घायल मामूली चोट आई

*स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में बुधवार को जारी एक अभियान के दौरान सेना ने चार आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया है। हालांकि इस अभियान में सेना के एक कैप्टन भी शहीद हो गए। शहीद कैप्टन दीपक सिंह 48 राष्ट्रीय राइफल्स के जवान थे। इस दौरान एक नागरिक भी घायल हुआ है, उसे मामूली चोट आई है।*

### खुफिया एजेंसियों को अलर्ट

एक दिन पहले खुफिया एजेंसियों को अलर्ट मिला है कि 15 अगस्त से पहले आतंकी देश में बड़ा हमला कर सकते हैं। एजेंसियों को मिली जानकारी में सामने आया है कि आतंकी मानव बम के रूप में हमला कर सकते हैं।

### अमेरिका में बनी एम-4 कार्बाइन बरामद

मुठभेड़ स्थल से चार बैग मिले हैं, जिनमें खून लगा है। उसके साथ ही अमेरिका में बनी एम-4 कार्बाइन और गोला-बारूद भी बरामद हुए हैं। इससे यह समझा जा रहा है कि मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए हैं। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) आनंद जैन ने बताया कि दोपहर दो बजे तक इलाके में अभियान जारी था।

### दो मुठभेड़ के बाद डोडा भागे थे आतंकवादी

एक किश्तवाड़ के नौनट्टा के सुदूर वन क्षेत्रों में और दूसरा उधमपुर के बसंतगढ़ क्षेत्र में। इन मुठभेड़ों के बाद आतंकवादी डोडा की पहाड़ियों में भाग गए। डोडा जिले के गंडोह इलाके में 26 जून को हुई मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए थे। इन आतंकवादियों के पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से जुड़े होने का संदेह है।

### दिल्ली-पंजाब में आतंकी हमले की आशंका

दिल्ली और पंजाब में स्वतंत्रता दिवस के आसपास आतंकी हमले की आशंका है। दिल्ली एयरपोर्ट पर और दिल्ली की सीमाओं पर खास चौकसी बरतने के लिए कहा गया है। खुफिया एजेंसियों को जम्मू में सक्रिय एक आतंकी समूह के एक या दो आतंकियों की तरफ से फिदायीन हमले की साजिश की जानकारी मिली है। 15 अगस्त को सुरक्षा बलों की भारी तैनाती के कारण आतंकी उसके एक या दो दिन बाद फियादीन हमले की साजिश रच रहे हैं।




### स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, एजेंसियों और हॉकर बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

### अवकाश

इस अवसर पर 15 अगस्त गुरुवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। 17 अगस्त शनिवार को आपका यह प्रिय अखबार आपके हाथों में होगा।

प्रधान संपादक

**हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान, शासन ने दिया जवाब**

## पानी में 3 गुना ही फ्लोराइड, 24 रिमूवल प्लांट कर रहे काम


दर्जनों फ्लोराइड रिमूवल प्लांट ठप, 40 गांवों के हर स्कूल में 50-60 बच्चों के दांत हो रहे पीले

■ गरियाबंद और देवभोग में डेंटल फ्लोरोसिस का शिकार हो रहे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

गरियाबंद जिले के लगभग सभी गांवों में बच्चे डेंटल फ्लोरोसिस का शिकार हो रहे हैं। यह बीमारी पानी में फ्लोराइड की ज्यादा मात्रा से होती है। इसे कंट्रोल करने जिले के 40 गांवों में 6 करोड़ की लागत से प्लांट तो लगाए गए लेकिन वह कुछ महीने में ही बंद हो गए। हाईकोर्ट ने इसे संज्ञान में लिया है। नोटिस के बाद अपने जवाब में विभागीय सचिव की ओर से कहा शेष पेज 2 पर

### बंद प्लांट शुरू कराने कोई व्यवस्था नहीं

रिपोर्ट के बाद भी पानी से फ्लोराइड अलग करने की व्यवस्था नहीं की गई। पड़ताल में पता चला कि हैवी फ्लोराइड वाले ग्राम नांगलदेही, पीठापारा, दरलीपारा, गोहरापदर, झाखरपारा, घूमगुड़ा, धुपकोट, मोखागुड़ा, निष्टिगुड़ा, सुकलीभाठ, मूरगुडा, खम्हारगुड़ा, माहुकोट, पूरनापानी, शेष पेज 2 पर



## चिंतन

# आज खुशहाल-शक्तिशाली भारत के संकल्प का दिन

आज भारत आजादी का 78वां जश्न मना रहा है। 77 वीं सालगिरह पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11वीं बार लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करेंगे। यह अमृतकाल का तीसरा संबोधन भी है। अपनी स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत महोत्सव के दौरान लाल किले से पीएम मोदी ने अगले 25 वर्ष में यानी 2047 तक भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया था, और इस 25 वर्ष की अवधि को अमृतकाल कहा था। उस वक्त राष्ट्र ने पंच प्रण के जरिये गुलामी के सभी प्रतीकों से भी मुक्ति का संकल्प लिया था। तब से पीएम मोदी की सरकार योजनाबद्ध तरीके से उसी दिशा में काम कर रही है। इस बार स्वतंत्रता दिवस की थीम है 'विकसित भारत'। इस थीम का मकसद है देश अपने लक्ष्य पर अडिग रहे और वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य को साकार करे। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्र के नाम संबोधन में भी सामाजिक न्याय व सामाजिक लोकतंत्र की बात कही है। पर कैसे? सवाल है कि क्या राष्ट्र ने 77 वर्ष में संविधान के सामाजिक व आर्थिक लोकतंत्र के लक्ष्य हासिल किए, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों का राष्ट्र बन सका, संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर के सपनों का भारत बन सका, क्या हमने विकसित राष्ट्र बनने की मजबूत बुनियाद रखी? क्या जीडीपी के आकार से ही विकसित भारत का आकलन होगा या खुशहाली भी पैमाना होगा? देश की मौजूदा हालत की बात करें तो विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद अगर भारत सरकार को अपनी 80 करोड़ आबादी के लिए पांच किलो मुफ्त अनाज की योजना चलानी पड़ रही है, तो यह कतई गर्व की बात नहीं है। इसका मतलब है कि सरकार के तौर पर हमने 77 साल में अपने नागरिकों को इतना भी सक्षम नहीं बनाया है कि वह अपने लिए पांच किलो अनाज का भी इंतजाम कर सके। आजादी हासिल करने के बाद 15 अगस्त की आधी रात में पंडित जवाहर लाल नेहरू ने ऐतिहासिक भाषण दिया था, जिसमें समानता, स्वतंत्रता, समता, बंधुत्व व भाईचारे पर आधारित एक नए लोकतांत्रिक राष्ट्र के उदय की संकल्पना थी। देश ने इस दिशा में काम भी किया, लेकिन कालांतर में वोट बैंक की राजनीति में देश ऐसा उलझा है कि कब वह अपने संवैधानिक लक्ष्य से भ्रमित हो गया है, उसे पता ही नहीं चला। आज भारत एक उलझा हुआ राष्ट्र प्रतीत हो रहा है, जो 'विकसित भारत' का लक्ष्य तय कर रहा है। राष्ट्र के स्वरूप को लेकर अलग-अलग राजनीतिक दलों की अलग-अलग वैचारिकता है। इसमें इतना टकराव है कि राष्ट्र का एक चरित्र बन ही नहीं पा रहा है। इंडिया-भारत, उत्तर-दक्षिण, अगड़ा-पिछड़ा, सेक्युलर-धर्मपेक्षता, जातिवाद-धर्मवाद आदि अनेक विभाजनकारी रूपक हैं, जो राष्ट्र के भारतीय चरित्र के निर्माण में बाधक साबित हो रहे हैं। राष्ट्र निर्माण की राजनीति पीछे छूट गई है, सत्ता की राजनीति हावी होती गई है। 77 साल में हमने शिक्षा का भारतीय रूप तैयार नहीं किया, शिक्षा में बोर्ड से लेकर सिलेबस तक विसंगतियां हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में हमने पर्याप्त निवेश नहीं किया, जिसके चलते हेल्थ सेक्टर में अराजकता जैसी स्थिति है। सबको पेयजल उपलब्ध नहीं करा पाए। न ही हमने भारतीयता को मजबूत किया, न ही हम राष्ट्रीय नागरिक तैयार कर पाए। हमें पाक व बांग्लादेश के रूप में दो कटे बाजू के साथ विखंडित आजादी मिली, हम अखंड भारत की दिशा में आगे नहीं बढ़े। अक्साई चिन हमारे हाथ से गया। हमें बुनियाद मजबूत करते हुए विकसित के साथ शक्तिशाली भी बनने की जरूरत है।

## स्वाधीनता दिवस
अरविंद जयतिलक



# आजादी पर इतराने का दिन

देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। विजयी विश्व तिरंगा प्यारा के जयघोष से देश झंकृत और चमत्कृत है। स्वाभिमान से देश का माथा दमक रहा है। अटक से कटक और कश्मीर से कन्याकुमारी तक हर घर तिरंगा की ऊंची शान से आसमान गुंजायमान है। पर्वत, पठार नदियां, झरने सबसे आजादी के तराने प्रस्फुटित हो रहे हैं। पक्षियों का कलरव, भंवरों का गुंजन और मलयगिरी से उठती सुगंधियां भारत की समृद्धि-समरसता और एकता-अखंडता के भाव को लयबद्ध कर रही हैं। सड़कों, संस्थानों व प्रतिष्ठानों से उठती इंकलाब की गूंजें और वंदेमातरम के मधुर स्वर उन परवानों की याद दिला रहे हैं जिन्होंने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। अधीनता से आजादी तक का सफर त्याग व बलिदान का है। पतन से उत्थान तक का है। समर्पण व संकल्प का यह उच्चतम भाव और अनवरत 75 वर्षों की साधना से ही आज भारत उपलब्धियों के आसमान पर है। इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए देश को कई बदलावों से गुजरना पड़ा है। नतीजा आज देश संपूर्ण दुनिया को अपनी सामाजिक-आर्थिक व सांस्कृतिक उपलब्धियों की विराटता का बोध करा रहा है। आज भारत दुनिया का सबसे सफल लोकतांत्रिक देश बन चुका है जिसकी सराहना दुनिया भर में होती है। आज भारत में सत्ता प्राप्ति के लिए खुलकर प्रतियोगिता होती है और साथ ही लोगों को चुनाव में वोट के द्वारा अयोग्य प्रतिनिधियों को हटाने का मौका भी देता है। भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती है कि राजनीतिक दल सभाओं, भाषणों, समाचारपत्रों, पत्रिकाओं तथा अन्य संचार माध्यमों से जनता को अपनी नीतियों और सिद्धांतों से अवगत कराते हैं। भारत ने धर्म या भाषा पर आधारित सभी अल्पसंख्यक वर्गों को अपनी इच्छानुसार शिक्षण संस्थाएं स्थापित करने तथा धन का प्रबंध करने का अधिकार दिया है। इसी तरह भारतीय नागरिकों को सूचना प्राप्त करने का अधिकार हासिल है। इस व्यवस्था ने भारतीय नागरिकों को शासन-प्रशासन से सीधे सवाल-जवाब करने की नई लोकतांत्रिक धारणा को जन्म दिया है। इस व्यवस्था से सरकारी कामकाज में सुशासन, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व बढ़ा है जिससे आर्थिक विकास को तीव्र करने, लोकतंत्र की गुणवत्ता बढ़ाने और भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने में मदद मिल रही है। सूचना के अधिकार से सत्ता की निरंकुशता पर अंकुश लगा है। वह दिन दूर नहीं जब भारत 2040 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था का तमगा हासिल कर लेगा। आज भारत की अर्थव्यवस्था 3 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंच चुकी है। प्रति व्यक्ति आय भी 90 हजार रुपये से पार है। यह भारत की समृद्धि, ताकत और तरक्की की पहचान है। सच कहें तो आज भारत हर रोज तरक्की की नई इबारत लिख रहा है। कभी भारत अपने उपग्रह को स्थापित करने के लिए अमेरिका और रुस की मदद लेता था लेकिन आज भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन-इसरो हर रोज नया कीर्तिमान रच रहा है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए देश में पोषण सुरक्षा की देखभाल राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, समन्वित बाल विकास योजना, किशोरी शक्ति योजना, किशोर लड़कियों के लिए पोषण कार्यक्रम और प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना चलाई जा रही है। भारत ने श्रम आंदोलन के तहत सामाजिक सुरक्षा को मजबूती देने के लिए राष्ट्रीय रोजगार गारंटी कार्यक्रम योजना को लागू किया है। असंगठित क्षेत्र को सामाजिक सुरक्षा से लैस करने के लिए राष्ट्रीय उद्यम आयोग की स्थापना एक पारदर्शी निकाय के रूप में की गई है। दूसरी ओर देश तेजी से डिजिटल भारत बन रहा है। देश की आजादी के उपरांत भारत का उद्देश्य एक शक्तिशाली, स्वतंत्र और जनतांत्रिक भारत का निर्माण करना था। ऐसा भारत जिसमें सभी नागरिकों को विकास और सेवा का समान अवसर मिले। ऐसा भारत जिसमें जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद, आतंकवाद, नक्सलवाद, छुआछूत, हठधर्मिता और मनुष्य द्वारा मनुष्य के शोषण के लिए स्थान न हो। भारत इस लक्ष्य को तेजी से हासिल कर रहा है। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर भारत हर रोज नया कीर्तिमान गढ़ रहा है। कृषि, उद्योग-धंधे और कल-कारखानों के विस्तार से भारत पांच ट्रिलियन इकोनॉमी की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। कृषि में नए-नए अनुसंधानों से किसानों की आमदनी बढ़ रही है और नुकसान का जोखिम कम हो रहा है। हर खेत को पानी, कानूनी सुधार में भूमि पट्टेदारी कानून, ठेके पर खेती, मार्केट सुधार और आवश्यक वस्तु अधिनियम में बदलाव की संभावना मूर्त रूप ले रही है। देश के समक्ष आतंकवाद, नक्सलवाद, अलगाववाद, छद्म युद्ध, विद्रोह, विध्वंस, जासूसी गतिविधियों, साइबर क्राइम, मुद्रा-जालसाजी, कालाधन और हवाला जैसी गंभीर चुनौतियां भी हैं जिसका भारत सफलता से मुकाबला कर रहा है। इससे दुनिया भर में भारत की साख बढ़ रही है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



स्वतंत्रता दिवस
रवि शंकर

# समावेशी लोकतंत्र को करें मजबूत

उदारीकरण के दौर के बाद भारत तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ा है। आर्थिक, सैन्य एवं अंतरिक्ष क्षेत्र में इसने सफलता की बड़ी छलांग लगाई है। चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ी है। आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बना हुआ है। सैन्य क्षेत्र में भारत एक महाशक्ति बनकर उभरा है। परमाणु हथियारों से संपन्न भारत के पास दुनिया की चौथी सबसे शक्तिशाली सेना है। अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत ने नए-नए कीर्तमान गढ़े हैं। आईटी सेक्टर में देश अग्रणी बना हुआ है। इन उपलब्धियों ने देश को सुपरपावर बनने के दरवाजे पर लाकर खड़ा कर दिया है। जाहिर है कि आज भारत के पास दुनिया को देने के लिए बहुत कुछ है।

भारत आजादी के सात दशक से अधिक का सफर पूरा कर चुका है। इस दौरान देश ने हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इस दौरान राजनीतिक बदलाव देखे, तो विकास की ओर अग्रसर योजनाएं और कार्यक्रम भी। युद्ध से दो-चार होना पड़ा तो अपनी परमाणु शक्ति में भी भारत ने इजाफा किया। मेट्रो ट्रेन से लेकर कम्प्यूटर तक भारतीय नागरिकों के जीवन का हिस्सा बने। इतना ही नहीं, भारत ने बैलगाड़ी से लेकर एयर इंडिया तक का सफर तय किया है। नए-नए आविष्कारों और तकनीकी विकास से भारत विश्व में अपनी एक अलग पहचान बनाने में सफल रहा है। साथ ही, भारत ने अपनी आजादी के उन मूल्यों को संजोये रखा है जिन मूल्यों से इसे स्वतंत्रता प्राप्त हुई है। आज हम दुनिया के दिग्गज देशों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर तरक्की के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं।

आज भारत अपनी आजादी की 77वीं वर्षगांठ का जश्न मना रहा है। यह 78वां स्वतंत्रता दिवस है। यह सभी देशवासियों के लिए विशेष अवसर है। 15 अगस्त 1947 को देश सैकड़ों वर्षों की गुलामी की बेड़ियों से आजाद हुआ। तब से लेकर अब तक सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, सैन्य, खेल एवं तकनीकी क्षेत्र की विकास यात्रा में देश ने अपनी एक पहचान बनाई है। 78 वर्षों की इस विकास यात्रा में नए कीर्तिमान बने हैं। आज भारत की पहचान एक सशक्त राष्ट्र के रूप में है। यह अनायास नहीं है। दुनिया आज भारत की तरफ देख रही है। बीते 78 सालों में अपनी अंदरूनी समस्याओं, चुनौतियों के बीच देश ने ऐसा कुछ जरूर हासिल किया है, जिसकी तरफ दुनिया आकर्षित हो रही है। देश के पास गर्व करने के लिए उपलब्धियां हैं तो अफसोस जताने के लिए वजहें भी हैं। हमें आजादी तो मिल गई लेकिन वह आजादी आज किस रूप में है। हमारे पूर्वजों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, राजनेताओं ने आजाद भारत का जो सपना देखा था। उनकी नजरों में आजादी के जो मायने थे। भारत छोड़ो आंदोलन की घोषणा के समय महात्मा गांधी ने कहा था कि मेरा विश्वास है कि विश्व के इतिहास में स्वतंत्रता के लिए लोकतांत्रिक संघर्ष हमसे ज्यादा वास्तविक किसी का नहीं रहा है। मैंने फ्रांस क्रांति के बारे में पढ़ा है और पंडित नेहरू ने रूसी क्रांति के बारे में कुछ बताया है। लेकिन इनसे मेरी यही धारणा बनी है कि हिंसा के दम पर इन संघर्षों को लड़ा गया है, इसलिए लोकतांत्रिक आदर्शों को फलीभूत नहीं कर सके। मैंने जिस लोकतंत्र की कल्पना की है उसकी स्थापना अहिंसा से होगी। उसमें सभी को समान स्वतंत्रता मिलेगी। हर व्यक्ति खुद का मालिक होगा। इस तरह के लोकतंत्र के संघर्ष के लिए मैं आपका आमंत्रित करता हूं। पंडित नेहरू के भी सपने थे। पर क्या उसके अनुरूप हम आगे बढ़े हैं।

संविधान में एक आदर्श देश की जो परिकल्पना की गई है उसे हम कितना साकार कर पाए हैं। नागरिकों से समाज और समाज से देश बनता है। एक बेहतर नागरिक एक स्वस्थ समाज का निर्माण करता है। एक सजग समाज देश को उन्नति के रास्ते पर ले जाने का मार्ग प्रशस्त करता है। सवाल है कि एक देश और व्यक्ति के रूप में आज हम कहां खड़े हैं, इसका एक सिंहावलोकन करना जरूरी है। आजादी के इन सालों में हमने क्या



खोया और क्या पाया है, आज इसकी भी बात करनी जरूरी है। भारत जीवंत लोकतंत्र का एक जीता-जागता उदाहरण है। यहां की लोकतांत्रिक संस्थाओं में लोगों की आस्था है। विरोधी विचारों का सम्मान लोकतंत्र को ताकत देता आया है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के रूप में भारत ने एक परिपक्व देश के रूप में अपनी पहचान बनाई है। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू से लेकर अब तक सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच मुद्दों पर गंभीर मतभेद रहे लेकिन इन मतभेदों ने लोकतंत्र को कमजोर नहीं बल्कि उसे मजबूती दी है। लोग अपनी पसंद से सरकारें चुनते आए हैं। भारत के लोकतंत्र में लोग ही अहम हैं। यह भारत की जीत है। आम आदमी को सशक्त बनाने के लिए बीते दशकों में सरकारें जनकल्याणकारी नीतियां और योजनाएं लेकर आईं। योजनाओं का लाभ गरीबों एवं कमजोर वर्गों तक पहुंचाया गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, मनरेगा जैसे कार्यक्रमों एवं योजनाओं ने आम आदमी को सशक्त बनाया है। इन महात्वाकांक्षी योजनाओं से विकास की गति तेज हुई। इन विकास योजनाओं के बावजूद देश में गरीबी, पिछड़ापन दूर नहीं हुआ है। विकास से जुड़ी समस्याएं अभी भी मौजूद हैं। उदारीकरण के दौर के बाद भारत तेजी से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ा है। आर्थिक, सैन्य एवं अंतरिक्ष क्षेत्र में इसने सफलता की बड़ी छलांग लगाई है। चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ी है। आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बना हुआ है। सैन्य क्षेत्र में भारत एक महाशक्ति बनकर उभरा है। परमाणु हथियारों से संपन्न भारत के पास दुनिया की चौथी सबसे शक्तिशाली सेना है। मिसाइल तकनीकी में दुनिया भारत का लोहा मान रही है। अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत ने नए-नए कीर्तमान गढ़े हैं। आईटी सेक्टर में देश अग्रणी बना हुआ है। इन उपलब्धियों ने देश को सुपरपावर बनने के दरवाजे पर लाकर खड़ा कर दिया है। भारत की एकता, अखंडता व समरसता का बने रहना तथा कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक देश का नारा हमें सुखद स्थिति दिखाता है। यूं कहे कि 78 साल में भारत की एक और स्वर्णिम उपलब्धि है जिस पर हम गर्व कर सकते हैं, वह है लोकतांत्रिक ढांचे का दिन पर दिन मज़बूत होना। एक देश के लिए 78 वर्ष की आयु अधिक नहीं होती है, जब इस अवधि में हम अपने आस -पास के देशों की अनिश्चितता देखते है तो हमें गर्व होता है कि कैसे एक देश अपनी परिस्थिति को सुधारते-सुधारते सबल होता है और अन्य देशों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण बनता है। जाहिर है कि आज भारत के पास दुनिया को देने के लिए बहुत कुछ है लेकिन इन सफलताओं एवं उपलब्धियों के बावजूद सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों में ह्रास हुआ है।

व्यक्ति से लेकर समाज, राजनीति सभी क्षेत्रों में मूल्यों का पतन देखने को मिला है। सत्ता, पावर, पैसे की चाह ने लोगों को भ्रष्ट एवं नैतिक रूप से कमजोर बनाया है। राजनीति का एक दौर वह भी था, जब रेल हादसे की जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय मंत्री अपने पद से इस्तीफा दे दिया करते थे। एक वोट से सरकार गिर जाया करती थी। भ्रष्टाचार में नाम आने पर नेता अपना पद छोड़ देते थे लेकिन आज सत्ता में बने रहने के लिए सभी तरह के समझौते किए जाते हैं और हथकंडे अपनाए जाते हैं। नैतिक पतन के लिए केवल नेता जिम्मेदार नहीं हैं, मूल्यों में पतन समाज के सभी क्षेत्रों में आया है। इसके लिए किसी एक को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। बेहतर समाज एवं राष्ट्र बनाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। इसके लिए हम सभी को आगे आना होगा। तभी जाकर एक बेहतर भारत और 'न्यू इंडिया' के सपने को साकार किया जा सकेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## उद्यमो भैरवः



संकलित
**दर्शन**

हम इस दार्शनिक उलझन में पड़ गए हैं कि प्रभु करते हैं या हम करते हैं। क्या मैंने भी कुछ किया है या सब कुछ प्रभु ही कराते हैं? इसको समझना बहुत आवश्यक है। इस बात को समझे बिना, आध्यात्म के नाम पर हम क्या-क्या करते हैं। इसलिए, तथाकथित धार्मिक या आध्यात्मिक लोग बहुत समस्या पैदा करते हैं। स्वयं भी समस्या में उलझ जाते हैं और दूसरों के लिए भी समस्या पैदा कर देते हैं, क्योंकि उन्हें अकर्मण्यता पकड़ लेती है। एक विलक्षण शिव सूत्र है, 'उद्यमो भैरवः' भैरव शिव जी से ही प्रकट हुई शक्ति है। यदि आप किसी कार्य में संलग्न हैं तो उसमें अपना सौ प्रतिशत लगाएं। यही उद्यम है। ये आपको मुक्त कर देगा। जो काम करना है, उसके बारे में सोचकर बैठे रहने से कुछ नहीं होगा। करना है और छोड़ने के बारे में सोच रहे हैं तो वह भी नहीं होगा। जो करना है, वह पूरा करके समाप्त करें और जो छोड़ना है, उसे छोड़कर शांत हो जाएं। दोनों में सौ प्रतिशत लगाएं। उद्यमो भैरवः प्रयत्न भी भगवान ही है। यदि हमारे उद्यम से ही सारा लाभ प्राप्त हो जाए तो हर एक व्यक्ति सफल हो जाता। ऐसा तो नहीं होता है। जब आप कोई काम करते हैं तो कभी सफल होते हैं और कभी असफल होते हैं। एक आलसी व्यक्ति सब छोड़कर बैठ जाता है। जब होगा, तब होगा। और जो व्यक्ति ज्वर से पीड़ित है, वह करता ही जा रहा है। वह तनाव से भरा हुआ है। वह आशाओं के पत्थरों को सिर पर ढो रहा है। उसके भीतर विभिन्न प्रकार की नकारात्मक संवेदनाएं उत्पन्न होने लगती हैं। तो मार्ग क्या है? कहां है? तब बताते हैं, 'उद्यमो भैरवः'।

## चंद्र देव को दक्ष ने दे दिया था शाप



संकलित
**प्रेरणा**

चंद्र और दक्ष प्रजापति से जुड़ी कथा है। दक्ष प्रजापति ने अपनी 27 पुत्रियों का विवाह चंद्र देव से किया था। दक्ष की सभी पुत्रियों में रोहिणी सबसे सुदर थी। इसी वजह से चंद्र रोहिणी से अधिक प्रेम करते थे और बाकी पत्नियों पर ध्यान नहीं देते थे। इस कारण दक्ष की शेष 26 पुत्रियों को रोहिणी से जलन होने लगी। इन 26 पुत्रियों ने ये बात अपने पिता प्रजापति दक्ष से कह दी। दक्ष ये सुनकर गुस्सा हो गए और उन्होंने चंद्र को धीरे-धीरे क्षीण होने यानी खत्म होने का शाप दे दिया। दक्ष के शाप से चंद्र देव धीरे-धीरे घटने लगा यानी खत्म होने लगे। चंद्र देव ने दक्ष के शाप का असर खत्म करने के लिए ब्रह्माजी से मदद मांगी। तब ब्रह्मा जी ने चंद्र को सलाह दी कि उन्हें प्रभास क्षेत्र (सोमनाथ का क्षेत्र) में शिव जी को प्रसन्न करने के लिए तप करो। शिव जी की कृपा से तुम्हारी समस्याएं दूर हो जाएंगी। ब्रह्मा जी की बात मानकर चंद्र ने प्रभाष क्षेत्र में शिवलिंग स्थापित किया और तपस्या शुरू कर दी। चंद्र के कठोर तप से प्रसन्न होकर शिव जी प्रकट हुए और दक्ष के शाप का असर कम करके अमर होने का वरदान दे दिया। दक्ष के शाप का असर कम होने से चंद्र कृष्ण पक्ष में क्षीण यानी खत्म होता है और शुक्ल पक्ष में चंद्र बढ़ने लगता है। पूर्णिमा को पूर्ण रूप हो जाता है। चंद्र देव ने शिव जी से प्रार्थना की थी कि वे प्रभाष क्षेत्र में ही वास करें। चंद्र देव की प्रार्थना मानकर भगवान ज्योति स्वरूप में प्रभाष क्षेत्र में विराजित हो गए। यहां चंद्र देव ने शिवलिंग स्थापित किया था, इसी वजह से इस शिवलिंग का नाम सोमनाथ पड़ा है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बंटवारे के कारण समझना जरूरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-पाकिस्तान के बंटवारे के दर्द को याद करते हुए कुछ समय पहले हर वर्ष 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के रूप में मनाए जाने का ऐलान किया था। महात्मा गांधी ने भी शायद देश के बंटवारे के समय यह फैसला मुसलमानों के हितों के लिए लिया था कि हमारे देश में रह रहे मुसलमानों को भारत में ही बसेरा करने की इजाजत दे दी थी, जबकि पाकिस्तान ने तो बंटबारे के वक्त भी अपने यहां रह रहे हिंदुओं को जबरदस्ती मारपीट कर भारत भेज दिया था। अब भी वहां अल्पसंख्यक समुदाय का जीवन पाकिस्तान ने नरक बनाया हुआ है। जिन्ना के दिल में धर्म-सांप्रदायिकता की कट्टरपंथी सोच थी, तभी भारत-पाकिस्तान के बंटवारे का ख्याल उसके दिमाग में आया। इस प्रसंग में बंटवारे के कारणों को समझना बहुत जरूरी है। *- रविंद्र जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### विभाजन स्मृति दिवस



'विभाजन भयावहता स्मरण दिवस' पर हम उन अनगिनत लोगों को याद करते हैं जो इस त्रासदी के कारण बहुत पीड़ित हुए। यह उनके साहस को श्रद्धांजलि देने का भी दिन है, जो मानव लचीलेपन की शक्ति को दर्शाता है। प्रभावित लोगों ने अपने जीवन का पुनर्निर्माण किया और अपार सफलता प्राप्त की। **- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### हर घर तिरंगा



मोदी जी के हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत पूरा देश तिरंगामय हो रहा है। आज नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर तिरंगा लहराकर देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले नायकों को याद किया। तिरंगा करोड़ों देशवासियों की एकता, निष्ठा व गौरव का प्रतीक बन अनंत काल तक लहराता रहेगा। **-अमित शाह, गृहमंत्री**

### सम्मान की बात



ब्रिटिश उच्चायुक्त लिंडी कैमरून की मेजबानी करना सम्मान की बात है। निरंतर विकसित हो रहे वैश्विक परिदृश्य पर उनका तीक्ष्ण, व्यावहारिक दृष्टिकोण वास्तव में लुभावना है। **-गौतम अदाणी, चेयरमैन अदाणी ग्रुप**

### मिलन का जश्न



हर दिन, मैं अपनी बेटी रिया और करण के प्यार और मिलन का जश्न मनाता हूँ! आप दोनों साझेदारी के सही अर्थ को अपनाते हैं, एक-दूसरे के जुनून का समर्थन करते हैं और एक-दूसरे को उज्जवल बनाते हैं। **-अनिल कपूर, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# अफगानिस्तान में तालिबान के शासन के तीन साल पूरे

अफगानिस्तान में तालिबान शासन को तीन साल हो गए हैं। इन तीन साल में उसने इस्लामिक कानून की अपनी व्याख्या थोपी और वैध सरकार के अपने दावे को मजबूत करने की कोशिश की है। देश के आधिकारिक शासक के तौर पर कोई राष्ट्रीय मान्यता न होने के बावजूद तालिबान ने चीन और रूस जैसी प्रमुख क्षेत्रीय शक्तियों के साथ उच्च स्तरीय बैठकें की हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रस्तावित वार्ताओं में भी भाग लिया है जिसमें अफगानिस्तान की महिलाओं तथा नागरिक समाज से जुड़े लोगों को भाग लेने का अवसर नहीं दिया गया। यह तालिबान के लिए जीत है जो अपने आप को देश के इकलौते सच्चे प्रतिनिधि के तौर पर देखता है। अफगानिस्तान में मस्जिद और मौलवी एक तरफ हैं तथा काबुल प्रशासन दूसरी तरफ है जो मौलवियों के फैसलों को लागू करता है और विदेशी अधिकारियों से मुलाकात करता है। 'मिडल ईस्ट इंस्टीट्यूट' में अनिवासी शोधार्थी जावेद अहमद ने कहा, 'विभिन्न स्तर पर उग्रवाद है और तालिबान सत्तारूढ़ कट्टरपंथियों और राजनीतिक व्यावहारवादियों के साथ एक असहज गठबंधन में हैं।' सर्वोच्च नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा के प्रभारी रहते हुए और सर्वोच्च नेताओं के सेवानिवृत्त होने या इस्तीफा देने तक सबसे विवादास्पद नीतियों के पलटने की संभावना नहीं है।



## ऑफ बीट

# ठंड में आपका दर्द नहीं बढ़ता, ऐसा लगता है

बाहर ठंड और नमी है। जैसे ही आप बिस्तर से उठते हैं, आप इसे अपनी हड्डियों में महसूस कर सकते हैं। आपका दाहिना घुटना फिर से जकड़ गया है। आपको लगता है कि ऐसा मौसम की वजह से हुआ होगा। यह एक सामान्य विचार है, लेकिन एक गलत धारणा है। जब हमने साक्ष्यों को देखा, तो हमें अधिकांश सामान्य दर्द और मौसम के बीच कोई सीधा संबंध नहीं मिला। हमने पाया कि हवा के तापमान, आर्द्रता, हवा के दबाव और बारिश में बदलाव से घुटने, कूल्हे या पीठ के निचले हिस्से में दर्द के लक्षणों का खतरा नहीं बढ़ता है और यह हाल ही में गठिया की बीमारी की चपेट में आए लोगों से जुड़ा नहीं है। इस अध्ययन के नतीजे बताते हैं कि मौसम में बदलाव के परिणामस्वरूप हमें जोड़ों या मांसपेशियों में दर्द का अनुभव नहीं होता है, और ठंडे दिन से घुटने या पीठ में दर्द होने का खतरा नहीं बढ़ेगा। स्पष्ट शब्दों में कहें तो मौसम और पीठ, घुटने या कूल्हे के दर्द के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है और न ही इससे आपको गठिया होगा। हालाँकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि बहुत ठंडी हवा के तापमान (10 डिग्री सेल्सियस से कम) का शायद ही कभी अध्ययन किया गया था, इसलिए हम मौसम में अधिक तीव्र बदलावों में बिगड़ते लक्षणों के बारे में निष्कर्ष नहीं निकाल सकते हैं।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 15 अगस्त 2024






Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda.hmsi.in


**सौगात : लाखों कर्मचारियों को है उम्मीद, अभयारण्य में पांच विभाग शामिल होंगे**

# स्वतंत्रता दिवस पर साय आज कर्मचारियों को दे सकते हैं डीए की सौगात, गो अभयारण्य भी

हरिभूमि न्यूज/रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दो महत्वपूर्ण घोषणाएं कर सकते हैं। राज्य के लाखों कर्मचारियों को डीए और और एरियर्स का ऐलान संभव है। इसके साथ ही सरकार एक महत्वाकांक्षी योजना गो अभयारण्य पर काम कर रही है। सरकार गायों की रक्षा के संबंध में यह घोषणा कर सकती है। हालांकि गो अभयारण्य के संबंध में मुख्यमंत्री श्री साय ने मई में अधिकारियों को तैयारी शुरू करने की बात कही थी, तभी से इस योजना पर काम चल रहा है।

शेष पेज 2 पर



### युवाओं और महिलाओं को मिलेगा रोजगार

गो अभयारण्य से युवाओं और महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जाएगा। इसके बेहतर संचालन के लिए तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। महिलाओं को अभयारण्य की अन्य गतिविधियों से जोड़ने की तैयारी है।

### गो अभयारण्य पर भी घोषणा की संभावना

छत्तीसगढ़ में गो अभयारण्य बनाने और उसे शुरू करने की घोषणा 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कर सकते हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस काम के लिए मई में अधिकारियों को निर्देश दिए थे, इसके बाद से तैयारी शुरू कर दी गई थी। जानकारों की मानें, तो सरकार ने राज्य के पांच गो अभयारण्य शुरू करने का निर्देश दिया है। हर संभाग में एक गो अभयारण्य खोला जाएगा। खास बात ये है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने गायों के लिए गोठान योजना चलाई थी, इसे भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है।

### केंद्र की गोवर्धन योजना जैसी ही

बताया गया है कि राज्य सरकार की गो अभयारण्य योजना केंद्र सरकार द्वारा संचालित गोवर्धन योजना की तरह होगी। इसके तहत गोवंश को सुरक्षित करने से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं और महिलाओं को रोजगार से जोड़ने की कोशिश भी होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस संबंध में सबसे पहले मई में निर्देश दिए थे। इसके बाद से इस योजना के क्रियान्वयन पर काम किया जा रहा है। गो अभयारण्य की कार्ययोजना पांच विभाग के माध्यम से शेष पेज 2 पर

### तीन से चार हजार गायें रहेंगी अभयारण्य में

छत्तीसगढ़ में शुरु होने वाले गो अभ्यारण्य में माना जा रहा है कि हर अभयारण्य में 3 से 4 हजार गायों को रखने की तैयारी है। बताया गया है कि इस योजना पर पड़ोसी मप्र सरकार ने भी काम किया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने मप्र के गो अभयारण्य प्रोजेक्ट की भी जानकारी ली है। उसी के मुताबिक तकनीकी पहलू, वित्तीय प्रबंधन और मार्केटिंग की जानकारी भी ली गई है। इस पूरे प्रोजेक्ट में विशेषज्ञ सहयोगी के रूप में आईआईएम को भी शामिल किया जा सकता है।

### डीए है बड़ा मुद्दा

राज्य के शासकीय सेवकों को 46 प्रतिशत डीए मिल रहा है। इसमें चार प्रतिशत की वृद्धि के साथ 50 प्रतिशत किया जाना है। डीए जनवरी से लागू किया जाना था, लेकिन उस समय नहीं हो सका। लिहाजा डीए का एरियर्स भी दिया जाना है। इस मामले को लेकर राज्य के शासकीय सेवकों के संगठन लगातार मांग कर रहे है। पिछले दिनों कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का एक प्रतिनिधि मंडल वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मिला था। श्री चौधरी ने इस चर्चा के दौरान जो संकेत दिए हैं उसे लेकर कर्मचारी मान रहे हैं 15 अगस्त को इस संबंध में घोषणा की जा सकती है। खास बात ये है कि भाजपा सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के रूप में कर्मचारियों के कई मुद्दों को शामिल किया था। उसमें डीए भी शामिल है।

## वसुंधरा सम्मान समारोह...



**भिलाई।** महात्मा गांधी कला मंदिर भिलाई में वसुंधरा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पत्रकार और राजनीतिक स्व. देवीप्रसाद चौबे की पुण्य स्मृति में साहित्यिक पत्रिका बहुमत द्वारा संस्कृति विभाग से सहयोग से आयोजित कार्यक्रम के मुख्यअतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह थे। इस अवसर पर पत्रकार लेखक विश्वेश ठाकरे को वसुंधरा सम्मान से सम्मानित किया। प्रसिद्ध पत्रकार प्रकाश दुबे और हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, राजनीतिक पत्रकारिता के मायने, विषय पर केंद्रित व्याख्यान के मुख्य वक्ता थे।

*शिक्षक की मानसिक हालत की भी जांच कराएगा रेलवे स्कूल प्रबंधन*

## नोट्स नहीं लिखने पर टीचर ने छात्र को जमकर पीटा, सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बुधवारी बाजार स्थिति दक्षिण पूर्व मध्य हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक-2 के एक टीचर ने नोट्स नहीं लिखने पर 8 वीं कक्षा के छात्र की बेरहमी से पिटाई कर दी। इससे छात्र की पीठ और हाथ पर चोटें आई हैं। 14 साल का यह छात्र इस मारपीट से बदहवास होकर गिर गया। किसी ने उसके पिता को कॉल कर बुलाया, तो बच्चे ने घटना की जानकारी दी। परिजन ने थाने मे शिकायत दर्ज नहीं कराई है। मामला सामने आने के बाद सीनियर डीसीएम ने



संस्कृत के इस शिक्षक राकेश कुमार को सस्पेंड कर दिया है। वहीं कलेक्टर अवनीश शरण ने भी मामले में नाराजगी जताई और शिक्षा विभाग को भी शेष पेज 2 पर









# रेलवे ने 100 वंदे भारत एक्सप्रेस का 30 हजार करोड़ रुपए का टेंडर किया रद्द

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने 100 वंदे भारत एक्सप्रेसट्रेन का टेंडर रद्द कर दिया है। रेलवे ने यह टेंडर महंगी कीमतों के चलते कैंसिल किया है। रेलवे ने 100 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को बनाने और मेंटेनेंस के लिए 30 हजार करोड़ रुपये का टेंडर निकाला था। इस प्रोजेक्ट के लिए सबसे कम कीमत एल्सटॉम इंडिया ने लगाई थी।

फ्रेंच एमएनसी एल्सटॉम इंडिया के एमडी ओलिवियर लॉयसन ने बताया कि हमने हर ट्रेन को बनाने के लिए 150.9 करोड़ रुपए की कीमत लगाई थी। मगर, रेलवे यह डील 140 करोड़ रुपए प्रति ट्रेन पर करना चाहता था। एल्सटॉम के अलावा इस टेंडर के लिए स्विस कंपनी स्टैडलर रेल और हैदराबाद की मेधा सर्वो ड्राइव्स ने भी बिडिंग की थी।

### नया टेंडर हो सकता है जारी

अब रेलवे इस प्रोजेक्ट के लिए नया टेंडर जारी कर सकती है। टेंडर जीतने वाली कंपनी को 100 एल्युमिनियम ट्रेन 7 साल में बनाकर देनी थीं। एल्युमिनियम से बनी ट्रेनें न सिर्फ हल्की बल्कि कम ऊर्जा खपत करने वाली भी होती हैं।



- रेलव ने यह टेंडर महंगी कीमतों के चलते कैंसिल किया
- प्रोजेक्ट के लिए सबसे कम कीमत एल्सटॉम ने लगाई थी

### 35 साल तक मेंटेनेंस के नाम पर दिए जाते पैसे

भारतीय रेलवे को उम्मीद थी कि इस टेंडर के लिए कम से कम 5 कंपनियां सामने आएंगी। हालांकि, टेक्निकल राउंड में कई कंपनियां बाहर हो गई थीं। कंपनियों को प्रोटोटाइप बनाने के लिए आरएंडडी फैसिलिटी और 5 जोड़े ट्रेन हर साल डिलीवर करनी थीं। टेंडर जीतने वाली कंपनी को ट्रेनों की डिलिवरी देने पर 13 हजार करोड़ रुपए और बाकी के 17 हजार करोड़ रुपए 35 साल तक मेंटेनेंस के नाम पर दिए जाते।

### 120 करोड़ रुपए प्रति ट्रेन के हिसाब से दिया था पिछला टेंडर

हालांकि, अभी तक रेलवे ने इस टेंडर पर कोई बयान जारी नहीं किया है। मगर, ओलिवियर लॉयसन ने पहले ही पुष्टि कर दी है। उन्होंने कहा कि हम भारत सरकार को सपोर्ट करते रहेंगे। इससे पहले 200 वंदे भारत एक्सप्रेस बनाने का टेंडर 120 करोड़ रुपए प्रति ट्रेन के हिसाब से दिया गया था। वह सभी स्टील से बनी हुई थीं। हमने अपनी तरफ से एकदम सही कीमत लगाई थी। इन ट्रेनों को 220 किमी प्रति घंटा की स्पीड लायक बनाया जाना था। हम आत्मनिर्भर भारत के मिशन के तहत सप्लाई चेन का स्थानीय सिस्टम भी विकसित करने वाले थे।

## खबर संक्षेप

### एक्सिस बैंक और वीज़ा ने किया 'प्राइमस' का अनावरण

**रायपुर।** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने डिजिटल भुगतान में वैश्विक स्तर पर अग्रणी संगठन, वीज़ा के साथ साझेदारी में 'प्राइमस' कार्ड लांच किया है। यह एक अल्ट्रा- प्रीमियम क्रेडिट कार्ड है, जिसे विलासिता को नए सिरे से परिभाषित करने के लिए तैयार किया गया है। नए सुपर-प्रीमियम कार्ड, प्राइमस की पेशकश चुनिंदा अल्ट्रा-हाई नेट वर्थ वाले एक्सिस बैंक के ग्राहकों को केवल आमंत्रण के ज़रिए की जाएगी। भारत में पहली बार, ग्राहकों को वीज़ा इनफिनिट प्रिविलेज पेशकश के तहत वैश्विक स्तर पर पसंद किए जाने वाले, विशेषाधिकार और लाभ मिलेंगे। भारत का जीडीपी बढ़कर लगभग 3.5 ट्रिलियन डॉलर हो गया है और इस तरह यह दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया है।

### महिंद्रा होलिडेज को 16.77 करोड़ का जीएसटी नोटिस

**नई दिल्ली।** महिंद्रा होलिडेज एंड रिजॉर्ट्स इंडिया को जीएसटी विभाग ने जुर्माने सहित लगभग 16.77 करोड़ रुपये की मांग का नोटिस भेजा है। अन्ना सलाई, चेन्नई सेंट्रल, तमिलनाडु से 13 अगस्त, 2024 को एक आदेश प्राप्त हुआ है।

### मारुति को 3.8 करोड़ रुपए का कारण बताओ नोटिस



**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) को सीमा शुल्क प्राधिकरण से 3.8 करोड़ रुपये से अधिक के शुल्क में अंतर के भुगतान की मांग करते हुए कारण बताओ नोटिस मिला है। मारुति सुजुकी इंडिया ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, कंपनी को मुंबई के सीमा शुल्क (आयात) आयुक्त कार्यालय से कारण बताओ नोटिस मिला है। सीमा शुल्क छूट का दावा करने का कारण बताने और लागू ब्याज तथा जुर्माने के साथ 3,81,37,748 रुपये के शुल्क में अंतर का भुगतान करने को कहा है।'

## एक साल पहले यह आंकड़ा 34.39 अरब डॉलर रहा

# देश का निर्यात जुलाई में 1.2 प्रतिशत घटकर 33.98 अरब डॉलर, व्यापार घाटा बढ़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*भारत का वस्तुओं का निर्यात तीन महीने सकारात्मक दायरे में रहने के बाद जुलाई में सालाना आधार पर 1.2 प्रतिशत घटकर 33.98 अरब डॉलर रहा है। एक साल पहले इसी महीने में यह आंकड़ा 34.39 अरब डॉलर था। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।*

देश का आयात जुलाई में लगभग 7.45 प्रतिशत बढ़कर 57.48 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले साल इसी महीने में 53.49 अरब डॉलर था। इस दौरान कच्चे तेल, चांदी और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का आयात प्रमुख रूप से बढ़ा है।

### चांदी का आयात 439 फीसदी उछला


कच्चे तेल का आयात 17.44 प्रतिशत बढ़कर जुलाई में 13.87 अरब डॉलर हो गया, वहीं चांदी का आयात 439 प्रतिशत उछाल के साथ 16.57 करोड़ डॉलर हो गया। आंकड़ों के अनुसार, व्यापार घाटा जुलाई में 23.5 अरब डॉलर रहा है। इसी साल जून में यह 21 अरब डॉलर और पिछले साल जुलाई में 19.3 अरब डॉलर था। आयात और निर्यात के अंतर को व्यापार घाटा कहते हैं।

### पेट्रोलियम उत्पादों की मांग घटी

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने आंकड़े जारी करने के बाद कहा कि मौजूदा रुझानों को देखने से पता चलता है कि देश का कुल माल एवं सेवा निर्यात पिछले साल के 778 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर जाएगा। उन्होंने कहा कि वस्तु निर्यात में गिरावट का एक कारण पेट्रोलियम उत्पादों की मांग घटना है।

### सेवा निर्यात का अनुमानित मूल्य 117.35 अरब डॉलर

अप्रैल-जुलाई 2024 के दौरान सेवा निर्यात का अनुमानित मूल्य 117.35 अरब डॉलर रहा, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 106.79 अरब डॉलर था। इसी अवधि में आयात 62.95 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। बर्थवाल ने कहा कि मंत्रालय अफ्रीका जैसे विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कदम उठा रहा है, जहां अमेरिका, यूरोप और चीन निर्यात कर रहे हैं।



- वस्तुओं का निर्यात तीन महीने सकारात्मक दायरे में रहा
- इस दौरान कच्चे तेल, चांदी और इलेक्ट्रानिक वस्तुओं का आयात बढ़ा
- कच्चे तेल का आयात बढ़कर 17 .44 प्रतिशत रहा

### व्यापार घाटा बढ़कर 85.58 अरब डॉलर

चालू वित्त वर्ष (2024-25) के पहले चार माह (अप्रैल-जुलाई) में निर्यात 4.15 प्रतिशत बढ़कर 144.12 अरब डॉलर पर पहुंच गया है, जबकि आयात 7.57 प्रतिशत बढ़कर 229.7 अरब डॉलर रहा है। पहले चार महीनों के दौरान व्यापार घाटा बढ़कर 85.58 अरब डॉलर हो गया है, जो पिछले साल समान अवधि में 75.15 अरब डॉलर था।

### पेट्रोलियम निर्यात 22.12 फीसदी घटा

पेट्रोलियम निर्यात 22.15 प्रतिशत घटकर 5.22 अरब डॉलर रह गया है। अन्य निर्यात क्षेत्र, जिनमें माह के दौरान गिरावट दर्ज की गई, उनमें चावल, काजू, तिलहन, समुद्री उत्पाद, रत्न एवं आभूषण, रसायन तथा सूती धागा/कपड़े शामिल हैं। सोने का आयात जुलाई में 10.65 प्रतिशत गिरकर 3.13 अरब डॉलर रहा गया है।

### वस्तु निर्यात जून में बढ़ा

हालांकि, जुलाई में इलेक्ट्रॉनिक सामान, फार्मा और इंजीनियरिंग निर्यात में क्रमश: 37.31 प्रतिशत, 8.36 प्रतिशत और 3.66 प्रतिशत की वृद्धि हुई। देश का वस्तु निर्यात जून में 2.56 प्रतिशत बढ़कर 35.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। हालांकि, इस दौरान व्यापार घाटा बढ़कर 20.98 अरब डॉलर रहा था।

# यूआईडीएआई को पांच साल के लिए मिली आयकर भुगतान से छूट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण की आय को वित्त वर्ष 2027-28 तक पांच साल के लिए आयकर के भुगतान से छूट दे दी है। वित्त मंत्रालय के तहत केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने इस आशय की एक अधिसूचना जारी की है। आयकर विभाग सीबीडीटी के नियंत्रण में ही संचालित होता है।

इस अधिसूचना के मुताबिक, प्राधिकरण को केंद्र सरकार से प्राप्त अनुदान/ सब्सिडी, आरटीआई शुल्क, निविदा शुल्क, कबाड़ की बिक्री, पीवीसी कार्ड सहित शुल्क/सदस्यता, सत्यापन, नामांकन और सूचनाओं को अद्यतन करने के लिए लिए जाने वाले सेवा शुल्क, सावधि जमा और बैंक जमा पर मिलने वाला ब्याज पांच साल तक आयकर से मुक्त होगा। यह अधिसूचना कर निर्धारण वर्ष 2024-2025, 2025-2026, 2026-2027, 2027-2028 और 2028-2029 के लिए लागू होगी। इसका मतलब है कि वित्त वर्ष 2023-24 से लेकर 2027-28 के दौरान प्राधिकरण को हुई आय पर कोई कर नहीं लगेगा। हालांकि, यह अधिसूचना तभी प्रभावी होगी जब यूआईडीएआई किसी भी वाणिज्यिक गतिविधि में शामिल नहीं होगा और उसकी गतिविधियां एवं निर्दिष्ट आय की प्रकृति पूरे वित्त वर्ष में अपरिवर्तित रहेगी। यूआईडीएआई देश में नागरिकों को विशिष्ट पहचान संख्या 'आधार' जारी करने का काम करता है।




- सीबीडीटी ने इस आशय की अधिसूचना जारी की

### गठन 2016 के प्रावधानों के तहत

इसका गठन आधार अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के तहत किया गया है जिसका उद्देश्य आधार अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करना और अधिनियम के अनुरूप नियम और कानून बनाना है।

# आईटी शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 150 अंक चढ़ा

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में दो दिन से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 150 अंक चढ़ गया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से वहां के बाजारों में तेजी के बीच सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में मजबूती रही।

शेयर बाजार 'स्वतंत्रता दिवस' के मौके पर बृहस्पतिवार को बंद रहेगा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 149.85 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 79,105.88 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 272.91 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी मामूली 4.75 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,143.75 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच घरेलू बाजार एक सीमित दायरे में रहा।



# बैंक ग्राहकों को लुभाने लांच कर रहे आकर्षक एफडी स्कीमें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बैंकों में घटते डिपॉजिट ने सरकारी से लेकर निजी बैंकों की चिंता बढ़ा दी है। खाताधारक बैंक खातों में अपनी गाढ़ी कमाई और बचत को रखने की जगह दूसरे आकर्षक निवेश के एवेन्यू जहां उन्हें बेहतर रिटर्न मिल रहा है वहां निवेश को तरजीह दे रहे हैं। ऐसे में बैंकों के सामने डिपॉजिट का संकट खड़ा हो गया। बैंकों जितना लोन दे रहे हैं उनके पास उस अनुपात में डिपॉजिट नहीं आ रहे। ऐसे में डिपॉजिट आकर्षित करने के लिए बैंक अब ज्यादा ब्याज दर वाले डिपॉजिट स्कीमें लांच कर रहे हैं।

- वित्त मंत्री और आरबीआई गवर्नर ने दी बैंकों को नसीहत



**बैंकों ने लांच किए आकर्षक डिपॉजिट स्कीमें :** निजी क्षेत्र की आरबीएल बैंक ने विजय डिपॉजिट के नाम से 500 दिनों वाले डिपॉजिट स्कीम को लांच किया है जिसमें सुपर सीनियर सिटीजंस को सालाना 8.85 फीसदी ब्याज दर मिलेगा। सीनियर सिटीजंस को 8.6 फीसदी और सामान्य नागरिकों और एनआरई/ एनआरओ फिक्स्ड डिपॉजिट पर 8.1 फीसदी ब्याज मिलेगा।

# रिलायंस डिजिटल ने बेजोड़ ऑफर्स के साथ लांच किया 'डिजिटल इंडिया सेल'

**मुंबई।** रिलायंस डिजिटल ने 'डिजिटल इंडिया सेल' की शुरुआत की है, जो भारत का सबसे बड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स सेल है। इस सेल के दौरान ग्राहक रिलायंस डिजिटल और माय जियो स्टोर्स पर विशेष ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। खरीदारों को विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक्स पर 25 प्रतिशत तक छूट और फ्लेक्सिबल ईएमआई विकल्प उपलब्ध हैं। यह सेल 18 अगस्त, 2024 तक जारी रहेगा। सेल की प्रमुख डील्स में 55-इंच यूएचडी टीवी मात्र रु 29,990 में, आईफोन 13 रु 47,600 में और नया आईफोन 15 रु 63,600 में उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, इंटेल कोर आई 5 लैपटॉप रु 39,999 से शुरू, साइड बाय साइड रेफ्रिजरेटर रु 48,990 में और टॉप लोड वॉशिंग मशीन रु 19,990 में मिल सकता है। ऊर्जा-कुशल एयर कंडीशनर्स पर रु 6,000 तक की छूट भी उपलब्ध है।

Reliance digital
PERSONALISING TECHNOLOGY

# वेदांता ने हिंदुस्तान जिंक में बिक्री पेशकश का आकार बढ़ाया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी वेदांता ने हिंदुस्तान जिंक में बिक्री पेशकश (ओएफएस) का आकार बढ़ा दिया है। वह अब कंपनी में 3.31 प्रतिशत हिस्सेदारी यानी 14 करोड़ शेयर बेचेगी। वेदांता के निदेशक मंडल ने मंगलवार को बिक्री पेशकश के जरिए हिंदुस्तान जिंक में 11 करोड़ शेयर या 2.60 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने को मंजूरी दे दी थी।

उसके निदेशकों की अधिकृत समिति ने 14 अगस्त, 2024 को आयोजित अपनी बैठक में हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) के 14 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री को मंजूरी दे दी है, जो एचजेडएल की जारी और चुकता इक्विटी शेयर पूंजी का 3.31 प्रतिशत है। वेदांता को बुधवार को बीएसई पर 572.95 रुपये प्रति शेयर के बंद भाव पर एचजेडएल के 14 करोड़ शेयरों की बिक्री से 8,021 करोड़ रुपये मिलेंगे। यह रकम 11 करोड़ शेयरों के हिसाब से 6,302 करोड़ रुपये होती। अप्रैल-जून तिमाही के अंत में वेदांता के पास एचजेडएल में 64.92 प्रतिशत हिस्सेदारी थी, जबकि सरकार के पास 29.54 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। वेदांता अपने एल्युमीनियम, तेल और गैस, बिजली, मूल धातु, लोहा और इस्पात व्यवसायों को अलग-अलग सूचीबद्ध इकाइयों में विभाजित करने की योजना बना रही है।




- आकार बढ़ाकर 3 .31 प्रतिशत किया
- यानी कंपनी 14 करोड़ शेयर बेचेगी

### वेदांता का शुद्ध लाभ 36.5 फीसदी बढ़ा

वेदांता का एकीकृत शुद्ध लाभ जून तिमाही के लिए 36.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,606 करोड़ रुपये रहा है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 2,640 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी की आय अप्रैल-जून तिमाही में बढ़कर 36,698 करोड़ रुपये हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 34,279 करोड़ रुपये थी।






# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




तब झंडे में होता था चरखे का चिन्ह, इसे तैयार करने तीन हिस्सों में बनता था ब्लॉक प्रिंट

गर्व के साथ 141.72 करोड़ देशवासी आज राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराएंगे। लेकिन यह हमेशा से ही इतना आसान नहीं रहा। इसे तैयार करना भी अपने आप में एक जटिल कार्य होता था। जब आजादी के लिए संघर्ष जारी था उस वक्त तिरंगा अपने वर्तमान स्वरूप में नहीं था। उस वक्त यह आंदोलन का प्रतीक हुआ करता था, जिस पर अशोक चक्र के स्थान पर चरखा हुआ करता था। उस वक्त ना तो आधुनिक मशीनें हुआ करती थीं और ना ही प्रिंटिंग के लिए किसी तरह के कोई विकल्प मौजूद थे। ऐसे में ब्लॉक प्रिंट की मदद से झंडे को तैयार किया जाता था।

## छग में पहली खादी दुकान खुली थी सन 1932 में, वर्तमान में तीसरी पीढ़ी संभाल रही कारोबार

# हाथ से छप्पा मारकर बनाते थे झंडा, फेरी लगाकर पहुंचाते थे क्रांतिकारियों तक, 1947 को थोक में सिले गए खादी के कुर्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चरखे के चिन्ह वाले झंडे को तैयार करने के लिए ब्लॉक प्रिंट को तीन हिस्सों में बांटा जाता था। इसका प्रयोग करके झंडे बनाए जाते थे। आजादी पूर्व के ये किस्से साझा किए पी.बल्लीवार ने। उनके खानदान की तीसरी पीढ़ी राष्ट्रीय ध्वज संबंधित कार्य में सेवा दे रही है। वे बताते हैं कि उनके पिता गणपति बल्लीवार 1927 में छग आए थे। इसके ▶▶|शेष पेज 2 पर

अलग खबर

### तीन रंग में रंगकर बेचते थे कपड़ा

*रायपुर में खादी दुकान की स्थापना करने वाले गणपति बल्लीवार अब नहीं रहे। उनके पुत्र किस्से साझा करते हुए बताते हैं कि पिताजी के जमाने में चरखे वाले झंडे के लिए तीन रंग में* ▶▶|शेष पेज 2 पर



### दस गुना हुई बिक्री

*आजादी की पूर्व संध्या पर दुकान में देशप्रेमियों का हुजूम दिखाई पड़ा। तीसरी पीढ़ी के शशि बल्लीवार यहां ग्राहकों को राष्ट्रीय ध्वज की बिक्री करते दिखाई दिए। दुकान संचालकों के मुताबिक, हर घर तिरंगा अभियान के बाद बिक्री तीन गुना बढ़ गई है। पहले एक ब्रांच में 100-200 झंडे बिका करते थे तो अब हजार से अधिक की बिक्री स्वतंत्रता दिवस के* ▶▶|शेष पेज 2 पर

## कीर्ति चक्र से सम्मानित शहीद की प्रतिमा को नहीं मिली जगह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



- दो सालों से कमरे में कैद शहीद नारायण सोढ़ी की प्रतिमा
- कमरे में प्रतिमा को देख-देख रोज बिलखती हैं बेटियां

नक्सलियों के साथ लोहा लेते देश के लिए शहीद हुआ जवान आज भी बीजापुर के एक कमरे में कैद है। यह बात सुनने में तो अजीब लग रही है, पर यह एक कड़वी सच्चाई है। शहीद जवान नारायण सोढ़ी को मरणोपरांत राष्ट्रपति ने कीर्ति चक्र से सम्मानित किया था। पति की शहादत को अपने जेहन में जीवित रखने के लिए पत्नी श्रीमती उर्मिला सोढ़ी ने शहीद नारायण सोढ़ी की 6 फीट ऊंची प्रतिमा का निर्माण कराया था। उसके बाद जिला प्रशासन से नगर के ▶▶|शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप

### एआई विमान से पक्षी टकराया, उड़ान रद्द



**पणजी।** गोवा के दाबोलिम हवाई अड्डे से मुंबई के लिए उड़ान भरने जा रहे एयर इंडिया के विमान से एक पक्षी टकरा गया, जिसके बाद उड़ान रद्द कर दी गई। दक्षिण गोवा के दाबोलिम हवाई अड्डे से विमान को मुंबई के लिए उड़ान भरना था, लेकिन पक्षी के टकराने के कारण रनवे पर ही विमान को रोकना पड़ा।

### परिवार के 5 सदस्यों की हत्या के दोषी को मृत्युदंड

**मैनपुरी।** मैनपुरी की एक अदालत ने चार साल पहले एक ही परिवार के पांच सदस्यों को जलाकर मार डालने के मामले में आरोपी एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए फांसी की सजा सुनाई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने आरोपी मुरारी कश्यप को दोषी करार दिया।

## गवाहों तथा रात ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों से होगी पूछताछ

# लेडी डॉक्टर से गैंगरेप की आशंका, सीबीआई ने बनाई तीन टीमें, अस्पताल में की पड़ताल

पश्चिम बंगाल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या केस की जांच के लिए सीबीआई की टीम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल पहुंची। टीम में स्वास्थ्य और फोरेंसिक विशेषज्ञों को भी शामिल किया गया है। टीम ने मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सेमीनार हॉल का दौरा किया। इस बीच, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट को लेकर नया खुलासा हुआ है। रिपोर्ट देखने वाली डॉक्टर डॉ. सुबर्ण गोस्वामी ने आशंका जताई है कि पीड़िता के साथ कई लोगों ने रेप किया होगा।

एजेंसी ▶▶| कोलकाता/नई दिल्ली

मामले की जांच के लिए सीबीआई अधिकारियों के तीन समूह बनाए गए हैं। केंद्रीय एजेंसी के एक अधिकारी ने बताया कि बताया, एक समूह आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का दौरा करेगा। गवाहों तथा उस रात ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों से बातचीत करेगा। एक अन्य समूह गिरफ्तार स्वयंसेवक को मेडिकल परीक्षण के बाद स्थानीय अदालत ले जाएगा और उसकी हिरासत की याचिका दायर करेगा, जबकि तीसरा समूह जांच कर रहे कोलकाता पुलिस के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करेगा।



### तृणमूल सांसद रॉय देंगे धरना

टीएमसी के वरिष्ठ सांसद सुखेंदु शेखर रॉय ने घटना की बुधवार को निंदा की। रॉय ने कहा कि वह घटना के विरोध में महिलाओं की ओर से किए जाने वाले प्रदर्शन में एकजुटता दिखाने के लिए धरना देंगे।

### इसलिए जताई गैंगरेप की आशंका

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार पीड़ित डॉक्टर के वजाइना से 151 एमए सीमन मिला है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस रिपोर्ट को देखने वाले डॉक्टर डॉ. सुबर्ण गोस्वामी का कहना है कि इतना सारा सीमन मिलना इस बात का संकेत है कि डॉक्टर के साथ कई लोगों ने रेप किया क्योंकि किसी एक शख्स से इतना सारा सीमन नहीं मिल सकता। डॉक्टर के पैर 90 डिग्री तक खुले थे। इस रिपोर्ट के बाद पुलिस और मेडिकल कॉलेज ▶▶|शेष पेज 2 पर

### भाजपा ने निकाला विरोध मार्च

*भाजपा के सैकड़ों समर्थकों ने कोलकाता के एक सरकारी अस्पताल में महिला चिकित्सक से कथित तौर पर बलात्कार और उसकी हत्या के खिलाफ में बुधवार को मार्च निकाला। भाजपा समर्थकों में अधिकतर महिलाएं थीं, जिन्होंने पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग की। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग बनर्जी के पास हैं।*

### राहुल ने कहा-आरोपी को बचाने का प्रयास अस्पताल

*लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि महिला डॉक्टर को न्याय दिलाने के बजाय आरोपी को बचाने का प्रयास अस्पताल और स्थानीय प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े करता है। राहुल ने कहा कि कोलकाता में जूनियर डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की जघन्य घटना से पूरा देश स्तब्ध है।*

आबकारी नीति मामला

# कोर्ट ने केजरीवाल को नहीं दी अंतरिम जमानत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कथित आबकारी नीति घोटाले में सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने से बुधवार को इंकार कर दिया। कोर्ट ने गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर जांच एजेंसी से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भूइयां की पीठ के समक्ष जैसे ही सुनवाई शुरू हुई, केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि उन्हें कथित घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में तीन बार अंतरिम जमानत मिली है।



### हाईकोर्ट से भी लग चुका है केजरीवाल को झटका

केजरीवाल की ओर से ईडी द्वारा की गई गिरफ्तारी को चुनौती वाली वाले सवाल को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने लार्जर बेंच को रेफर कर दिया था। लेकिन सीबीआई केस में अभी भी केजरीवाल जेल में बंद हैं।

### 23 को सुनवाई

केजरीवाल की स्वास्थ्य चिंताओं के संदर्भ में सिंघवी ने अंतरिम जमानत का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि जमानत का अनुरोध करने वाली एक याचिका पहले ही दायर की जा चुकी है। शीर्ष अदालत ने सिंघवी से कहा, हम कोई अंतरिम जमानत नहीं दे रहे हैं। पीठ ने अगली सुनवाई के लिए 23 अगस्त की तारीख तय कर दी।




## जैकेट के शेष

### इंजन खराब होने के...

उन्हें ऑयल 1 और ऑयल 2 विफलता की चेतावनी का पता चला। 2500 फीट की ऊंचाई पर उड़ रहा जगुआर इंजन बंद होने के बाद तेजी से नीचे आ रहा था। चेतावनी में एक बड़े तेल प्रणाली की खराबी का संकेत दिया गया था, जिससे दोनों इंजनों को तत्काल बंद करने की आवश्यकता पड़ी ताकि उनकी आसन्न जब्ती को रोका जा सके। ऐसी स्थिति पहले कभी नहीं हुई थी। पायलट ने संयम रखते हुए बाएं इंजन को बंद करने का फैसला किया और निकटतम रनवे के लिए दाएं इंजन का उपयोग करके रिकवरी शुरू की। रास्ते में 2500 फीट की ऊंचाई पर दाहिना इंजन खराब हो गया। विमान तेजी से नीचे आ रहा था और घनी आबादी वाले गोरखपुर शहर के करीब पहुंच रहा था।

**विमान को ऐसे किया नियंत्रित :** इस दौरान पायलट ने उत्कृष्ट उड़ान कौशल का प्रदर्शन करते हुए विमान को नियंत्रित किया। नागरिक जीवन और संपत्ति के नुकसान को रोकने के लिए विमान को दूसरी ओर मोड़ दिया और खाली ईंधन टैंकों को आबादी वाले क्षेत्र से दूर फेंक दिया।

### स्क्वाड्रन लीडर दीपक ने...

के बावजूद उन्होंने अपने सूझबूझ से विमान को छोटे रनवे पर जबरन उतारा। केंद्रीय और राज्य बलों के लिए 1,037 पुलिस पदकः केंद्र सरकार ने बुधवार को केंद्रीय एवं राज्य बलों के 1,037 पुलिस कर्मियों के लिए सेवा पदक की घोषणा की। 214 कर्मियों को वीरता पदक से सम्मानित किया जाएगा। इसमें एक राष्ट्रपति वीरता पदक और 231 वीरता पदक शामिल हैं। जीएम में अग्निशमन कर्मियों के लिए चार और नागरिक सुरक्षा कर्मियों के लिए एक पदक शामिल है। सीआरपीएफ को सर्वाधिक 52 वीरता पदक, जम्मू-कश्मीर पुलिस को 31 वीरता पदक दिए जाएंगे। इनके अलावा उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के 17-17, छत्तीसगढ़ के 15 और मध्य प्रदेश के 12 पुलिसकर्मियों को वीरता पदक प्रदान किए जाएंगे।

### हेड कांस्टेबल यादैया को...

बचकर भागने नहीं दिया। पुलिसकर्मी इस हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे 17 दिन तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा।

**94 राष्ट्रपति पुलिस पदक :** अन्य पदकों में विशिष्ट सेवा के लिए 94 राष्ट्रपति पुलिस पदक और सराहनीय सेवा के लिए 729 पदक शामिल हैं। इन पदकों की घोषणा वर्ष में दो बार की जाती है। दूसरी बार इन पुरस्कारों की घोषणा गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाएगी।

### राहुल भगत सहित...

सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पदक से आनंद सिंह रावत, सहायक सेनानी, पीटीसी बोरगांव नवाजे जाएंगे। राज्य में वीरता पदक, विशिष्ट सेवा पदक एवं सराहनीय सेवा पदक से विभूषित किये जाने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मियों में 9 पुलिस अधिकारियों को सराहनीय सेवा पदक और 15 पुलिसकर्मियों को वीरता पदक से नवाजा जाएगा। पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने सभी अधिकारियों एवं उनके परिजनों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

**इन्हें मिलेगा सराहनीय सेवाओं के लिए पदक :** सुशील चंद्र द्विवेदी, पुलिस महानिरीक्षक, अअवि, पुलिस मुख्यालय, राहुल भगत, सचिव, मुख्यमंत्री, राजकुमार मिंज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण शाला, माना, गुरजीत सिंह ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक, रायपुर, प्रशांत श्रीवास्तव, सहायक सेनानी, मुख्यमंत्री सुरक्षा, रायपुर, प्रभु लाल कोमरे, कंपनी कमाण्डर, 19वीं वाहिनी, छसबल, जगदलपुर, द्वारिका प्रसाद मिश्रा, उप निरीक्षक, बस्तर, धरम सिंह नरेटी, प्रधान आरक्षक सुकमा, रविन्द्र कुमार ठाकुर, प्रधान आरक्षक, कांकेर।

### ये होंगे वीरता...

आरक्षक गोपाल बोड्डु, हेमन्त एण्ड्रिक, मोती लाल राठौर, गोविन्द सोढ़ी, सुकारू राम, मुन्ना कड़ती, कृष्णा गाली, भीमा, धनीराम कोरसा, कृष्णा ताती जिला बीजापुर से हैं।

### स्वतंत्रता दिवस से...

में अभियान अब भी जारी है। सेना ने अधिकारी की मौत पर गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि सेना शोक संतप्त परिवार के साथ है। सेना ने कहा कि 'व्हाइट नाइट कोर' के सभी रैंक बहादुर कैप्टन दीपक सिंह के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं। अधिकारियों ने बताया कि कल शाम सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी के बाद आतंकवादी उधमपुर जिले के पटनीटॉप के पास के जंगल से डोडा में घुस आए। अधिकारियों के अनुसार उधमपुर में मंगलवार शाम करीब छह बजे सुरक्षाबलों को आतंकवादियों की मौजूदगी का पता चला था। आधे घंटे बाद उनके बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। सुरक्षाबलों ने रातभर में इलाके को चारों ओर से घेर लिया। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने आज सुबह फिर से तलाश अभियान शुरू किया। आज सुबह करीब 7.30 बजे पुनः आतंकवादियों और जवानों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई। सुरक्षा बलों ने रविवार को भी दो मुठभेड़ों में आतंकवादियों को ढेर कर दिया।

### पानी में 3 गुना ही...

गया है कि क्षेत्र में लगातार इलाज जारी है। प्रभावितों तक पहुंचा जा रहा है। जवाब में यह भी कहा गया कि पानी में 8 गुना फ्लोराइड की बात सामने नहीं आई है। अधिकतम तीन गुना ही पाया गया। इसके साथ ही 40 फ्लोराइड रिमूवल प्लांट में से 24 सही तरीके से काम कर रहे हैं। बाकी को सुधारा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक गरियाबंद जिले के इन प्रभावित गांवों में हर साल 100 से ज्यादा स्कूली छात्रों को डेंटल फ्लोरोसिस होता है। फिलहाल, इन गांवों में 50 से 60 बच्चे डेंटल फ्लोरोसिस से ग्रसित मिल रहे हैं वहीं देवभोग ब्लॉक के गांवों में कुल पीड़ितों की संख्या 2 हजार से भी ज्यादा है। साल 2016 में शासन-प्रशासन को जांच में फ्लोराइड ज्यादा होने की जानकारी लगी। देवभोग ब्लॉक के 40 गांव के स्कूलों में जो पेयजल सप्लाई हो रही है वहां 8 गुना तक ज्यादा फ्लोराइड था। प्रशासन ने कार्य योजना बना कर सभी प्रभावित क्षेत्रों में फ्लोराइड रिमूवल प्लांट लगाने का फैसला लिया।

**बंद प्लांट शुरू कराने :** बरबहली, बाड़ी गांव, कर्चिया, धौराकोट, मूड़ागाव, मगररोडा जैसे प्रत्येक गांव में 50 से 60 बच्चे डेंटल फ्लोरोसिस से ग्रसित मिले। सभी की उम्र 6 से 10 साल की है। धौराकोट, मगररोड़ा, गाड़ाघाट, कांडपारा, पीठापारा के प्रधान पाठकों ने बताया कि बंद प्लांट को शुरू कराने के लिए कई बार कोशिश हुई। ठेकेदार के मुनीम से लेकर पीएचई विभाग के इंजीनियर तक को सूचित किया गया, लेकिन कोई सुध लेने नहीं आया।

# पत्रकार सरकार के कार्यों की आलोचना के साथ रास्ता भी दिखाएं: डॉ. रमन



**भिलाई (हरिभूमि न्यूज)।** छत्तीसगढ़ की पत्रकारिता की परंपरा बहुत समृद्ध है। परिवर्तन के दौर में पत्रकारों का दायित्व है कि वे समाज के साथ सरकार के कार्यों की आलोचना भी करें और रास्ता भी बताएं। यदि पत्रकारिता में अवमूल्यन हो रहा है तो वरिष्ठ पत्रकार आत्मचिंतन कर नई पीढ़ी का मार्गप्रशस्त करें।

छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह बुधवार को महात्मा गांधी कलामंदिर भिलाई में आयोजित वसुंधरा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। पत्रकार और राजनीतिक स्व. देवीप्रसाद चौबे की पुण्य स्मृति में साहित्यिक पत्रिका बहुमत द्वारा संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्कार सतीश जायसवाल अध्यक्ष और बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार विशिष्ट अतिथि थे। प्रसिद्ध पत्रकार प्रकाश दुबे और हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, राजनीतिक पत्रकारिता के मायने, विषय पर केंद्रित व्याख्यान के मुख्य वक्ता थे। मंच पर पद्मश्री उषा बाई बारले, आरएस बारले और शमशाद बेगम भी उपस्थित थीं। पूर्व कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे व वरिष्ठ राजनीतिक प्रदीप चौबे विशेष रूप से उपस्थित थे।

### पत्रकार कड़वी की बजाय सच्ची बात लिखें: डॉ. हिमांशु

इस अवसर पर राजनीतिक पत्रकारिता के मायने विषय पर हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी व वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश दुबे ने सार्थक विचार व्यक्त किए। डॉ. द्विवेदी ने कहा कि जीवन का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जहां राजनीति नहीं है। खेलों में भी राजनीति हो रही है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में निगाह रखना ही राजनीतिक पत्रकारिता है। पत्रकारों को दलीय पत्रकारिता छोड़ निष्पक्ष होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पत्रकार यदि कड़वी बात की बजाय सच्ची बात लिखेंगे तो विश्वास बढ़ेगा। प्रकाश दुबे ने राष्ट्रीय राजनीति के संस्मरण सुनाते हुए कहा कि पहले राजनेताओं की बातें बेबाकी से छपती थीं। लेकिन आज के दौर में ऐसा नहीं है। पत्रकारिता में पारदर्शिता और साहस जरूरी है। इस अवसर पर डॉ. रमन सिंह ने वरिष्ठ पत्रकार विश्वेश ठाकरे को प्रशस्तिपत्र शाल श्रीफल व सम्मान राशि भेंटकर वसुंधरा सम्मान से सम्मानित किया। उन्होंने वरिष्ठ पत्रकार दिवाकर मुक्तिबोध का भी शाल श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य डॉ. महेशचंद्र शर्मा व आभार प्रदर्शन अरुण श्रीवास्त ने किया।

### वरिष्ठ पत्रकार युवा पीढ़ी का मार्गदर्शन करें

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने पत्रकार, लेखक विश्वेश ठाकरे को वसुंधरा सम्मान से सम्मानित किया। डॉ. सिंह ने अपने उद्बोधन में आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्वतंत्रता के पूर्व व बाद में पत्रकारिता में बहुत बदलाव आया है। छत्तीसगढ़ में देवीप्रसाद चौबे की तरह चंदूलाल चंद्राकर और मोतीलाल वोरा भी पत्रकारिता से राजनीति में आए थे। आज पत्रकारिता में अवमूल्यन क्यों आ रहा है, इसका क्या निदान है, इस बारे में वरिष्ठ पत्रकार युवा पीढ़ी का मार्गदर्शन करें।


**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.VSKP-ELECTG-24-25-WC-02, दिनांक : 07.08.2024

कार्य का नाम: पूर्व तट रेलवे के वाल्टियर मण्डल में सेवा भवन, स्टाफ क्वार्टर, कॉलोनी एवं परिचलन क्षेत्रों में ऊर्जा कुशल LED लाइट फिटिंग्स का प्रावधान।

निविदा मूल्य (रुपये में): 34,42,890/-, बिड सिक्युरिटी (रुपये में): 68,900/-, पूरा होने की अवधि: 120 दिन।

निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: दिनांक 05.09.2024 को 1330 बजे, निविदा खुलने की तिथि एवं समय: दिनांक 05.09.2024 को 1600 बजे।

ऐसी निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण एवं शुद्धिपत्र वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (G)/ वाल्टियर

PR-428/P/24-25


## प्रथम पेज के शेष

### स्वतंत्रता दिवस पर साय...

कांग्रेस के शुरू कराए गोठान बंदः इधर राज्य में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में राज्य भर ग्राम पंचायतों में गौठान खोलने की मंजूरी दी गई थी। राज्य में बड़ी संख्या में गौठान भी बनाए गए थे। लेकिन कांग्रेस सरकार की यह योजना शुरु से ही विवादों में रही थी। भाजपा ने विपक्ष में रहते हुए गौठान योजना में 13 सौ करोड़ रुपयों के भ्रष्टाचार का आरोप भी लगाया था। लेकिन सरकार बदलने के बाद गौठान लगभग बंद हो चुके हैं। माना जा रहा है कि कांग्रेस सरकार की इस योजना को नए स्वरूप में भाजपा सरकार ला रही है।

### केंद्र की गोवर्धन...

संचालित करने की बात सामने आई है, इसमें पंचायत, कृषि, पशु पालन समेत पांच विभाग तैयार करेंगे। इसमें सबसे अहम भूमिका पंचायत विभाग की मानी जा रही है। अभयारण्य की निगरानी के लिए प्रदेश स्तर पर एक मानिटरिंग सेल गठित होगा। स्थानीय स्तर पर इसकी जिम्मेदारी ग्राम पंचायत के लोगों को देने की योजना है।

### नोट्स नहीं लिखने पर...

जांच के लिए कहा है। रेलवे स्कूल प्रबंधन शिक्षक की मानसिक हालत की भी जांच कराएगा। मिली जानकारी के मुताबिक चुचुहियापारा में रहने वाला छात्र मंगलवार को स्कूल गया था। बच्चे की गलती सिर्फ इतनी थी कि वह अपनी संस्कृत कापी में नोट्स नहीं लिख पाया था। इसे लेकर शिक्षक राकेश कुमार का गुस्सा इतना बढ़ गया कि उन्होंने अपने हाथ में रखी मोटी छड़ी से छात्र को तब तक पीटा, जब तक कि छड़ी टूट नहीं गई। यह क्रूरता इतनी भयानक थी कि छात्र बदहवास होकर गिर पड़ा और जब उसे होश आया, तो उसने किसी की मदद से अपने पिता को फोन किया। इस पूरी घटना के बाद का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें शिक्षक की क्रूरता को साफ देखा जा सकता है।

**डरा बच्चा 2 दिन की छुट्टी पर शिक्षक की होगी मेंटल जांच :** विभाग की ओर से एमएलबी स्कूल के प्राचार्य अरविंद कौशिक को रेलवे स्कूल भेजा गया। उन्होंने अपनी ओर से जांच करने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी को रिपोर्ट सौंप दी है। बताया जा रहा है कि इसमें भी टीचर के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा है। श्री कौशिक के मुताबिक जांच में पाया गया है कि शिक्षक ने बच्चे को पीटा है। यह भी जानकारी मिली कि पीड़ित बच्चा काफी डरा हुआ है और वह स्कूल नहीं आना चाहता। अभिभावक की ओर से दो दिन की छुट्टी ली गई है। श्री कौशिक ने बताया कि पहले से ही गाइडलाइन है कि किसी भी छात्र से मारपीट नहीं की जानी है। ऐसे में शिक्षक ने किन स्थितियों में बच्चे से मारपीट की है इसकी जांच की जानी चाहिए। शिक्षक का मेंटल जांच भी रेलवे स्कूल द्वारा कराए जाने की बात सामने आई है। **घटना से नाराज कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को भेजा :** वीडियो में दिख रहा है कि कैसे शिक्षक ने छात्र को पीटते हुए कोई दया नहीं दिखाई। वीडियो वायरल होने के बाद अन्य अभिभावकों में भी आक्रोश है। स्कूल के प्राचार्य के मुताबिक शिक्षक को सस्पेंड कर दिया गया है।

## पेज एक के शेष

### हाथ से छप्पा मारकर बनाते...

बाद 1932 से खादी का कार्य प्रारंभ किया। प्रारंभ में फेरी लगाकर कपड़े बेचा करते थे। बाद में दुकान खोल ली। उनके मुताबिक, राजधानी के सत्ती बाजार में स्थित यह छत्तीसगढ़ की खादी की सबसे पुरानी दुकान है। अब महाराष्ट्र खादी भंडार के नाम से जानी जाती है। एक अन्य शाखा भारत खादी भंडार के नाम से संचालित है।

### तीन रंग में रंगकर...

खादी के कपड़ों को रंगकर बेचा करते थे। इसके बाद क्रांतिकारी इससे झंडा बनाया करते थे। फेरी लगाकर और विभिन्न तरीकों से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तक झंडा पहुंचाया जाता था। आजादी के बाद दुकान पर ही झंडे की बिक्री होने लगी। आजादी के पूर्व भी देशी उत्पादों को समर्थन देने के लिए क्रांतिकारी खादी के वस्त्र पहना करते थे। फेरी के जरिए गली-गली घुमकर उन तक कुर्ता-पैजामा पहुंचाते थे। जब देश आजाद हुआ उस वक्त कांग्रेसी पार्टी के सदस्यों से लेकर सभा में शामिल होने जा रहे लगभग प्रत्येक व्यक्ति के लिए खादी के कुर्ते-पैजामे सिले गए।

### दस गुना हुई...

पूर्व हो रही है। ना सिर्फ राष्ट्रीय ध्वज बल्कि खादी के कुर्ते और साड़ी की बिक्री भी कई गुना अधिक बढ़ गई है। वर्तमान में खादी के झंडे अधिकृत रूप से देश में केवल तीन स्थानों मुंबई, हुगली और ग्वालियर में ही बनते हैं। हम झंडे की मांग वहां भेज देते हैं। इन केंद्रों से ही हमें सप्लाई होती है।

### कीर्ति चक्र से सम्मानित...

अंदर या कहीं सड़क के किनारे मूर्ति स्थापित करने की गुहार लगाई थी, परंतु जिला प्रशासन ने यह कहकर उन्हें बैरंग लौटा दिया कि उनके पास शहीद जवान की मूर्ति स्थापित करने के लिए कोई जगह नहीं है और वो जगह देने के लिए असमर्थ है। **सरकार किसी अच्छी जगह पर प्रतिमा स्थापित करे :** जब भी बच्चे स्कूल से आते हैं तो घर के पूजा कमरे में रखे अपने पिता की प्रतिमा को देख कर उनकी आंखें नम हो जाती है। कभी मैं किसी बात को लेकर उन्हें में डांट देती हूं तो वे अपने पिता की प्रतिमा को गले लगाकर फूट-फूट कर रोने लगते हैं, तो कभी-कभी रात को अचानक डर जाते हैं।
- सुशीला सोढ़ी, पत्नी

### इसलिए जताई...

प्रबंधन पर सवाल उठने लगे हैं कि आखिर इस केस के अन्य आरोपियों को क्यों छिपाया जा रहा है?

## राशिफल

**मेष:** नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**वृष:** वाणी में सौम्यता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**मिथुन:** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु कार्यक्षेत्र में सचेत रहें। विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क:** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु कार्यक्षेत्र में सचेत रहें। विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है।

**कन्या:** धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी, परन्तु स्थान परिवर्तन की सम्भावना भी बन रही है।

**तुला:** सन्तान के दायित्व की पूर्ति होगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। यात्रा लाभप्रद रहेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। खर्चों की अधिकता से परेशान रहेंगे।

**वृश्चिक:** नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति के लिए प्रयासरत रहें। क्रोध से बचें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु:** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आय वृद्धि होगी। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। धन की प्राप्ति होगी।

**मकर:** कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ:** कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। किसी सम्पत्ति से धन प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयत रहें।

**मीन:** कारोबार के लिए यात्रा लाभप्रद रहेगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। परिवार से दूर जा सकते हैं।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रिसाली**

**// आम सूचना //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम, रिसाली क्षेत्रान्तर्गत अवैध कॉलोनियों का नगर पालिक निगम (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बंधन तथा शर्त) नियम 2013 के नियम 15 (क) अतर्गत 31 जुलाई 2019 तक अस्तित्व में आयी अनाधिकृत कॉलोनियों का नियमितीकरण किये जाने हेतु अभिन्यास तैयार किया गया है, जिस हेतु संबंधित क्षेत्र के भूस्वामी / निवासियों से उक्त स्थल के तैयार अभिन्यास में आपत्ति / सुझाव दिनांक 30 अगस्त 2024 तक आमंत्रित किया जाना है। उक्त प्रस्तावित कॉलोनियों का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | क्रं. स्थल / कॉलोनी का नाम | खसरा क्र. | रकबा |
|---|---|---|---|
| 1 | सरस्वती कुंज पूर्व रिसाली | 684, 685 | 3.11 हेक्टेयर |

उक्त निर्धारित अवधि के भीतर अपनी आपत्ति / सुझाव लिखित रूप से कार्यालय, नगर पालिक निगम रिसाली के कक्ष क्र. 09 भवन अनुज्ञा शाखा में भवन निर्माण अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उक्त निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आपत्ति / सुझाव पर विचार नहीं किया जावेगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम सिमाली



**पूर्व तट रेलवे**

(1) निविदा सूचना सं. WAT-TRS-OT-10-2024-25

कार्य का नाम: 03 वर्षों की समयावधि के लिए इलेक्ट्रिक लोको शेड (ELS)/विशाखापट्टनम के WAG 7/ WAP 9 इंजिनों के को-को (Co-Co) उच्च आसंजन (High adhesion) बोगियों की ओवरहॉलिंग।

निविदा मूल्य (रुपये में): 2,40,66,656.90, EMD (रुपये में): 2,70,300/-।

(2) निविदा सूचना सं. WAT-TRS-OT-11-2024-25

कार्य का नाम: इलेक्ट्रिक लोको शेड (ELS)/ विशाखापट्टनम में उपलब्ध 03 वर्षों की समयावधि के लिए WAG 9, WAP 7 एवं WAG 5 के इंजिनों की PU (पॉलीयूरेथेन) पेन्टिग।

निविदा मूल्य (रुपये में): 1,05,17,878.38, EMD (रुपये में): 2,02,600/-।

पूरा होने की अवधि: 03 (तीन) वर्ष (दोनों निविदा हेतु)।

निविदा बंद होने की तिथि व समय: दिनांक 30.08.2024 को 1500 बजे (दोनों निविदा हेतु)।

निविदा दस्तावेज से संबंधित संपूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे।

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता(TRD)/ वाल्टियर

PR-418/P/24-25



**कार्यालय नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)**

क्रमांक / 403 / लोक कर्म शाखा / न.पा.प./ 2024

डोंगरगढ़, दिनांकः 14/08/2024

**।। मैनुअल पद्धति निविदा सूचना ।।**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रुपये लाख में) | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 15 वां वित्त आयोग मद अंतर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य (कुल 31 कार्य)। | 119.64 | 28.08.2024 |

टीपः- निविदा की नियम व शर्ते एवं विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय तथा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in/ से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़



**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)

No. 03-03/ TN-185/24-25/1755 Raipur, Dtd 08/ 08/2024

**E-TENDER NOTICE No. TN-185**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from Experienced & reputed contractors for Supply/ work as mentioned below: -

| S. No. | Tender no. /RFx no. | Description | Date & time for bid submission |
|---|---|---|---|
| 1. | HW-215/24-25 8100038593 (With RLA) | RYM work of Fans/Tubular Air Heater/ESP/Ducts & Damper of 210MW ABL Boilers of Unit No.3&4, HTPS, Korba. | Up to 05.09.2024 15:00 Hrs |

The details of NIT can be viewed from our website www.cspc.co.in and the Tender Documents can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal:- https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal Any amendment/corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

EXECUTIVE DIRECTOR (S&P:GEN)
CSPGCL:RAIPUR

"Save energy for benefit of self and Nation"



**छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल**
पर्यावास भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) 492002

**जनसूचना**

भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 (यथा संशोधित) के तहत् सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि कुसमुण्डा ओपन कास्ट कोल माईन प्रोजेक्ट, मेसर्स साउथ ईस्टर्न कोल फिल्ड्स लिमिटेड में क्षमता- 50 मिलियन टन / वर्ष (नार्मेटिव) / 62.50 मिलियन टन / वर्ष (पीक) (एम.एल. एरिया - 1655.825 से बढ़ाकर 2991.943 हेक्टेयर) के संबंध में लोक परामर्श बाबत् छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल में आवेदन किया गया है। उक्त परियोजना के संबंध में आपत्ति / सुझाव / विचार / टीका-टिप्पणी, इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अंदर क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, कोरबा के कार्यालय में लिखित रुप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है।

ई.आई.ए. अधिसूचना दिनांक 14 सितंबर 2006 (यथा संशोधित) के अनुसार, संबंधित व्यक्तियों के अवलोकन / पठन हेतु ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट अंग्रेजी भाषा में एवं इसकी संक्षिप्त सार रिपोर्ट हिन्दी एवं अंग्रेजी तथा सी.डी. (सॉफ्ट कॉपी) कार्यालय कलेक्टर कोरबा, कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोरबा, आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा, नगर पालिक निगम कोरबा के अंतर्गत प्रभावित वार्ड जटराज, कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), कटघोरा, जिला - कोरबा, कार्यालय महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कोरबा, कार्यपालन अभियंता, हसदेव बरॉज जल प्रबंध संभाग रामपुर, जिला- कोरबा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद - बांकीमोंगरा, जिला- कोरबा, नगर पलिका परिषद बांकीमोंगरा के अंतर्गत प्रभावित वार्ड गेवरा, कार्यालय ग्राम पंचायत - खोडरी, ग्राम पंचायत खोडरी के अंतर्गत प्रभावित ग्राम खोडरी, रिसदी एवं चुरैल, कार्यालय ग्राम पंचायत - पाली, ग्राम पंचायत पाली के अंतर्गत प्रभावित ग्राम- पाली एवं सोनपुरी, ग्राम पंचायत बाता, ग्राम पंचायत बाता के अंतर्गत प्रभावित ग्राम-आमगांव, ग्राम पंचायत खैरभावना, ग्राम पंचायत खैरभावना के अंतर्गत प्रभावित ग्राम- खैरभावना एवं पड़निया, तहसील- दर्री एवं दीपका, जिला- कोरबा (छत्तीसगढ) डायरेक्टर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, नई दिल्ली, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर एवं क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, तहसील ऑफिस के पास रामपुर, कोरबा, मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, पर्यावास भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर (छ.ग.) में रखी हुई है।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)



**मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान**
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
भोपाल 462003 (म.प्र.) भारत

दिनांक: 14/08/2024

**विज्ञापित निविदा पूछताछ**

विषय : संस्थान में उपकरण की आपूर्ति, स्थापना एवं संचालन।


इच्छुक निर्माता / अधिकृत भागीदार / एजेंसियों से ऑन-लाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। वे संस्थान की वेबसाईट www.manit.ac.in और CPPP वेबसाइट https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर लाग-इन कर सकते है:

| क्र. | निविदा क्र. | उपकरण का नाम | लागत लाख में | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Mech/2024/04 | 3 Axis Hybrid/Dual Additive Subtractive Metal Machine | 354.00 | 09/09/2024 up to 17.00 hrs |
| 2 | S&P/2024/596 | Differential Scanning Calorimetry (DSC) | 91.00 | 09/09/2024 up to 17.00 hrs |
| 3 | S&P/2024/599 | UV-VIS-NIR Spectro Photometer | 65.00 | 09/09/2024 up to 17.00 hrs |
| 4 | S&P/2024/597 | Fourier Transform Infrared Spectroscopy (FT-IR) | 59.00 | 09/09/2024 up to 17.00 hrs |
| 5 | S&P/2024/598 | Thermo Gravimetric Analyzer (TGA) | 59.00 | 09/09/2024 up to 17.00 hrs |
| 6 | Mech/2024/06 | Ansys Academic Multiphysics Campus License (PAC Buying) | 73.50 | 09/09/2024 up to 17.00 hrs |
| 7 | Mech/2024/05 | NC/CNC Friction Stir Welding Machine | 38.00 | 09/09/2024 up to 17.00 hrs |
| 8 | Mech/2024/03 | Post-Harvest Research Chamber | 25.96 | 09/09/2024 up to 17.00 hrs |

संस्थान निदेशक, बिना कोई कारण बताए किसी या संपूर्ण निविदा को पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

कुलसचिव


## शब्द पहेली - 5603



**बाएँ से दाए**

1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव(उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

**शब्द पहेली - 5602 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | स | ह | यो | ग | ■ | अ | दा | व | त |
| र | क्स | ■ | रा | ■ | ग | रु | ड़ | ■ | न | र |
| ख | ■ | स | ना | त | न | ■ | ना | म | ■ | क |
| र | फ्ता | र | ■ | ■ | चुं | गी | ■ | त | म | स |
| खा | ■ | मा | ■ | चा | बी | ■ | सी | ■ | ही | ■ |
| व | ल | या | का | र | ■ | प | रा | या | प | न |
| ■ | क | ■ | या | ■ | का | ल | ■ | द | ■ | क |
| द | बा | त | ■ | भ | ला | ■ | ■ | गा | य | ब |
| र | ■ | र | ज | ■ | बा | जी | ग | र | ■ | ज |
| क | र | ■ | ल | ह | जा | ■ | र्ज | ■ | खा | न |
| ना | जा | य | ज | ■ | र | घु | ना | य | क | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5614

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5613 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |


Reliance
Growth is Life
फुल पैसा वसूल सेल
15th-19th AUG
SMART BAZAAR
सफोला गोल्ड राइस ब्रैन तेल 3 L + दावत रोज़ाना गोल्ड बासमती चावल 5 kg
स्मार्ट कीमत ₹725
संयुक्त एमआरपी : ₹1140
कमल रिफाइन्ड राईस ब्रान / एबीस गोल्ड सोयाबीन तेल 1 L
स्मार्ट कीमत ₹98/ ₹99
एमआरपी : ₹139 / ₹130
गुड लाईफ बादाम / काजू (W320) 500 g
स्मार्ट कीमत ₹339/ ₹459
एमआरपी : ₹549 / ₹499
टाटा सम्पन्न / गुड लाईफ अनपॉलीशड दाले (संपूर्ण श्रेणी)
BUY 2 GET 1 FREE
एमआरपी : ₹64 या उससे अधिक / यूनिट
गोवर्धन गाय का शुद्ध घी 1 L
स्मार्ट कीमत ₹629
एमआरपी : ₹699
BUY ANY 2 GET ANY 1 FREE
एमआरपी : ₹120 या उससे अधिक / यूनिट
बिस्किट लार्ज पैक 275 g या उससे अधिक / लोटे चोको पाई 336 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
अक्षवाल काजू कतली / हल्दीराम / आकाश बेसन लड्डू / स्नैक टैक / आकाश सोन पापड़ी 200 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
BUY ANY 1 GET ANY 1 FREE
एमआरपी : ₹90 या उससे अधिक
ब्रुक बॉन्ड रेड लेबल स्ट्रांग ब्लेंड चाय 1 kg
बचाइए ₹170
एमआरपी : ₹520 या उससे अधिक
स्मार्ट कीमत ₹350 या उससे अधिक
कैडबरी पर्क / डेयरी मिल्क / जेम्स / 5 स्टार / स्निकर्स 115.5 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
BUY ANY 2 GET ANY 1 FREE
एमआरपी : ₹100 या उससे अधिक / यूनिट
सर्फ / रिन / टाइड डिटर्जेन्ट पाउडर 5 kg / सर्फ / एरियल मैटिक लिक्विड 3 L या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
फ्लैट 33% छूट
एमआरपी : ₹565 या उससे अधिक
स्मार्ट कीमत ₹379 या उससे अधिक
न्यूनतम 33% छूट
एमआरपी : ₹175 या उससे अधिक
डव / पियर्स / फियामा जेल बार 125 g x 4 + 1 / सिंथॉल / गोदरेज नं.1 / लक्स सोप 150 g x 4 या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
न्यूनतम 25% छूट
एमआरपी : ₹20 या उससे अधिक
बैटर / ब्रेड / केक / चीज़ / फ्रोजन सब्जियाँ / फ्रोजन स्नैक्स / आइसक्रीम / मिल्क ड्रिंक्स / पनीर / दही 47 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
स्प्राइट / कोका-कोला / थम्स अप 750 ml (चुनिंदा प्रकार)
BUY ANY 3 GET ANY 1 FREE
एमआरपी : ₹40 या उससे अधिक / यूनिट
व्हिस्पर अल्ट्रा क्लीन XL + 48s / नाइट XL + 40s / स्टेफ्री ड्रायमैक्स 42s सैनिटरी नैपकिन (चुनिंदा प्रकार)
फ्लैट 50% छूट
एमआरपी : ₹575 या उससे अधिक
स्मार्ट कीमत ₹288 या उससे अधिक
बचाइए ₹500
एमआरपी : ₹799 या उससे अधिक
स्मार्ट कीमत : ₹299 या उससे अधिक
डव / हेड ऐन्ड शोल्डर्स / पैन्टीन / ट्रेसमे शैम्पू 580 ml या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
क्लोजअप / कोलगेट / डाबर रेड / मिस्वाक / पेप्सोडेंट जर्मीचेक टूथपेस्ट 300 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
न्यूनतम 33% छूट
एमआरपी : ₹204 या उससे अधिक
SINGER LYF 3 बर्नर ग्लासटॉप गैस स्टोव
स्मार्ट कीमत ₹1999
एमआरपी : ₹7560 या उससे अधिक
डबल बेडशीट सेट, कोऑर्डिनेटेड पिलो कवर्स के साथ (चुनिंदा श्रेणी)
BUY ANY 1 GET ANY 2 FREE
एमआरपी : ₹1499 या उससे अधिक
जीन्स
BUY 1 GET 1 FREE
₹1000 और उससे ज्यादा कीमत वाले जीन्स की खरीदारी पर
फैशन ₹499 के अंदर, 2000+ स्टाइल पर
ऑफ़र यहाँ भी उपलब्ध
SMART SUPERSTORE
JioMart
ऑफर्स संबंधी अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें
अपना नजदीकी स्टोर पता करने के लिये स्कैन करें
10% INSTANT DISCOUNT#
SBI card
#Min. Trxn.: ₹3,000; Max. Discount: ₹500 per Trxn. Valid on one Trxn. per credit card. Validity: 14 Aug - 19 Aug 2024. T&C Apply.
SMART BAZAAR
SMART SUPERSTORE
अब खुल गया है बिलासपुर : स्वर्ण प्लाजा, SECL कॉलोनी के पास, राज किशोर नगर, वसंत विहार चौक, सीपत रोड.
रायपुर: अंबुजा सिटी सेंटर मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, विधानसभा रोड, मोवा. • मैग्नेटो द मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, जीई रोड. • सिटी सेंटर मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, पंडरी. • चंद्रा स्कवेयर, विधानसभा रोड़, मोवा • कलर्स मॉल, पचपेड़ी नाका. बिलासपुर : सिटी मॉल 36, पहली मंजिल, मुन्हेली रोड, मंगला स्क्वेयर • MMIPL कॉम्पलेक्स, दुबई स्वीट्स के सामने, तारबाहर रोड़, टैगोर चौक • रामा मैग्नेटो मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, श्रीकांत वर्मा मार्ग, • रायगढ़ : ग्रैंड मॉल, दूसरी मंजिल, गौरी शंकर मंदिर रोड के पास • शाह कॉम्पलेक्स, ट्रैफिक पुलिस ऑफिस के पास, दरोगापारा, गौशाला रोड़ भिलाई: सूर्या ट्रेज़र आइलैंड मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, स्मृति नगर कोरबा: द पाम मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, टी.पी. नगर जगदलपुर: बिनाका हेरिटेज, बिनाका मॉल के पास, चित्रकूट रोड़ अम्बिकापुर: चंडीग्राम प्लाज़ा, खारिसा रोड, अग्रसेन स्क्वेयर.
नियम तथा शर्तें लागू। एसबीआई क्रेडिट कार्ड ऑफर केवल स्मार्ट बाजार और स्मार्ट सुपरस्टोर में उपलब्ध है. ऑफर स्टॉक खत्म होने तक वैध। सभी ऑफ़र्स को सूचना दिए बिना बदला जा सकता है। प्रोडक्ट्स की दिखाई गई तस्वीरें/फोटोग्राफ्स केवल प्रतिनिधित्व के लिए हैं। सभी प्रोडक्ट्स की एमआरपी में सभी टैक्स शामिल हैं। होमवेअर और अपैरल ऑफ़र्स चुनिंदा स्मार्ट बाजार और स्मार्ट सुपरस्टोर पर वैध। छूट प्रतिशत को ऑफर मूल्य के लगभग प्रतिशत तक राउंड ऑफ किया गया है। सभी ऑफ़र्स 19 अगस्त 2024 तक मान्य हैं। सभी विवाद केवल मुंबई में स्थित न्यायालयों के अनन्य क्षेत्राधिकार के अधीन हैं।

# 'जनता के सहयोग से ही हल हो सकते हैं मुल्क के बड़े-बड़े सवाल'



## प्रधानमंत्रियों के वो कोट्स जिन्होंने सरकार के विजन के दिए संकेत

भारत 78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। साल 1947 में मिली आजादी के बाद से अब तक देश एक लंबा सफर तय कर चुका है। प्रथम स्वतंत्रता दिवस से लेकर अब तक देश ने काफी तरक्की की है और आने वाले दिनों में भारत की तरक्की का यह ग्राफ और तेजी से बढ़ता नजर आ रहा है। किसी भी स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री द्वारा दिया जाने वाला भाषण उनकी सरकार का देश को लेकर आने वालों सालों के विजन का एक नजरिया पेश करता है। आइए जानते हैं, देश की आजादी के बाद स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न प्रधानमंत्रियों द्वारा दिए गए कुछ ऐसे कोट्स के बारे में, जो इतिहास के पन्नों में सदा-सदा के लिए अमर हो गए। उन्हें आज भी याद किया जाता है...


### पं.जवाहर लाल नेहरू



*'एक आजाद मुल्क में तब तक बड़े-बड़े सवाल हल नहीं हो सकते जब तक कि आम जनता का उसे हल करने में पूरा सहयोग न हो और मदद न हो'*

पंडित जवाहर लाल नेहरू ने दूसरे स्वतंत्रता दिवस पर 1948 में उपरोक्त कोट्स का इस्तेमाल करते हुए कहा था, कहा कि देश के सामने बड़े-बड़े सवाल है, हम कुर्सी पर बैठे हैं, जिम्मेदारी हमारी है लेकिन आम जन का भी सहयोग चाहिए। उन्होंने देशवासियों से कहा कि आप एक आजाद कौम हैं तो खाली ऐतराज करने से काम नहीं चलता। उस बोझे को उठाना है, सहयोग करना है, मदद करनी है और अगर हम सब इस तरह से करें तो बड़े से बड़े मसले हल होंगे।

### लाल बहादुर शास्त्री



*'कश्मीर का एक भी टुकड़ा पाकिस्तान को मिलने वाला नहीं'*

साल 1965 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तब के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने कहा कि कश्मीर पर हमला किया जा रहा है और मैं जानता हूं कि पाकिस्तान उसे बढ़ाने का पूरा इरादा रखता है। जो एक बड़ा संकट हमारे ऊपर आया है, उसके लिए हमको और आप सब को तैयार रहना होगा। आज आराम का वक्त नहीं, आज त्याग का, बलिदान का, कुर्बानी का, जो भी रास्ता हो वह हमें इख्तियार करने के लिए तैयार रहना होगा। मैं आपकी तरह से यह यह कहने वाला हूं और कहना चाहता हूं कि कश्मीर का एक टुकड़ा भी पाकिस्तान को मिलने वाला नहीं है।


### इंदिरा गांधी



*'आजादी कोई जादू नहीं है कि उससे तुरंत गरीबी दूर हो जाए, कठिनाइयां और कष्ट दूर हो जाएं। आजादी से केवल एक दरवाजा खुला, सदियों की घुटन दूर हुई।'*

आपातकाल लगाने के बाद 1975 में स्वतंत्रता दिवस पर देश को संबोधित करते हुए इंदिरा गांधी ने इस कोट्स का इस्तेमाल किया था। उन्होंने कहा कि हमने जो रास्ता चुना वो लोकतंत्र का रास्ता था, लेकिन लोकतंत्र के माने ये नहीं है कि जिसका चाहे जिस रास्ते पर जाएं। ऐसा रास्ता नहीं पकड़ सकते जिससे दूसरों को कष्ट हो या जिससे देश के दुर्बल होने का भय हो या जिससे दूसरी शक्तियों का, दूसरे प्रभाव बाहर से आ सकें और हमारी नीति या हमारी दिशा पर अपना प्रभाव डाल सकें। हम केवल भारत के हित को देखते हुए आगे बढ़ते हैं।

### अटल बिहारी वाजपेयी



*'आइए अब भविष्य की ओर देखें। हमें एक समृद्ध स्वाबलम्बी और स्वाभिमानी भारत का निर्माण करना है। हम इस दिशा में चल पड़े हैं, हम इस दिशा में आगे बढ़ेंगे। हमें रफ्तार को और तेज करना है।'*

साल 2000 में स्वतंत्रता दिवस पर देश को संबंधित करते अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा – भारत को भविष्य की चुनौतियों तथा सुअवसर पर भी ध्यान देना चाहिए। विगत के विवादास्पद मुद्दों में नहीं उलझना चाहिए। आइए अब भविष्य की ओर देखें। हमें एक समृद्ध स्वाबलम्बी और स्वाभिमानी भारत का निर्माण करना है। हम इस दिशा में चल पड़े हैं, हम इस दिशा में आगे बढ़ेंगे। हमें रुकना नहीं है, रफ्तार को और तेज करना है।

### नरेंद्र मोदी



*'सरकार एक असेम्बल्ड एन्टिटी नहीं, एक ऑर्गेनिक यूनिटी बने, एकरस हो सरकार- एक लक्ष्य, एक मन, एक दिशा, एक गति, एक मति- इस मुकाम पर हम देश को चलाने का संकल्प करें। हम चल सकते हैं।'*

2014 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कोट्स का इस्तेमाल करते हु कहा था, मैंने जब दिल्ली आ करके एक इनसाइडर व्यू देखा तो मैंने अनुभव किया, मैं चौंक गया। ऐस लगा जैसे एक सरकार के अंदर भी दर्जनों अलग-अलग सरकारें चल रही हैं। इसलिए मैंने कोशिश प्रारंभ की है।

---

कर्नाटक सरकार का बड़ा फैसला...

## एसबीआई-पीएनबी के साथ सभी लेन-देन पर रोक

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू

कर्नाटक सरकार ने बुधवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ सभी लेन-देन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का आदेश जारी किया। इस निर्णय के तहत राज्य विभागों को इन बैंकों में अपने खाते बंद करने और अपनी जमाराशि निकालने का निर्देश भी जारी किया गया है। सरकार की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, इन दोनों बैंकों में कोई जमाराशि या निवेश नहीं किया जाना चाहिए। राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया सरकार में वित्त विभाग के सचिव डॉ पीसी जाफर द्वारा जारी यह निर्देश इन दोनों बैंकों में जमा सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोपों के बीच आया है।



थाईलैंड में राजनीतिक उठा-पटक

## सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री को ही किया बर्खास्त

**खास बातें**

- बांग्लादेश के बाद अब एशिया के एक और देश में गहराया राजनीतिक संकट
- जेल गए शख्स को मंत्री बनाना पड़ा भारी

**नई दिल्ली।** भारत के पड़ोस में यानी बांग्लादेश में हाल ही में तख्तापलट हुआ है और वहां अभी भी हिंसा की स्थिति बनी हुई है। दूसरी ओर अब एशिया के एक और देश यानी थाईलैंड में भी राजनीतिक संकट की स्थिति बनती नजर आ रही है, क्योंकि देश की सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन को ही उनके पद से हटा दिया है। खास बात यह है कि एक हफ्ते पहले ही कोर्ट ने अपने आदेश में देश के मुख्य विपक्षी दल को भी भंग करने का फैसला सुनाया था। विपक्षी दलों के खिलाफ फैसला देने के बाद अब कोर्ट ने पीएम थाविसिन को कोड ऑफ एथिक्स मामले में दोषी पाते हुए बड़ा फैसला सुनाया है, जिससे पीएम थाविसिन की मुसीबत तो बढ़ी ही हैं, साथ ही देश में एक नया राजनीतिक संकट भी खड़ा हो गया है।



**थाईलैंड की संसद चुनेगी नया प्रधानमंत्री**

थाईलैंड के प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने 5-4 के डिवीजन से फैसला सुनाया। ऐसे में जब तक संसद द्वारा नया पीएम नहीं चुना जाता है, तब तक उनकी कैबिनेट कार्यवाहक सरकार के तौर पर काम करती रहेगी। वहीं जब संसद नया पीएम चुन लेगी तो फिर उसके अनुसार मुल्क की कैबिनेट में भी बदलाव किया जाएगा। हालांकि, कोर्ट ने नया पीएम चुनने के लिए कोई टाइम लिमिट नहीं तय की है।

**क्यों हुआ इतना बड़ा फैसला?**

किसी भी देश के प्रधानमंत्री का कोर्ट द्वारा बर्खास्त किाय जना एक बेहद विचित्र घटना है, जिसके चलते यह सवाल उठ रहे हैं कि आखिर ऐसा क्या हो गया कि कोर्ट को इतना बड़ा निर्णय लेना पड़ा, तो बता दें कि यह मामला एक मंत्री की नियुक्ति से जुड़ा है। अप्रैल में अपने कैबिनेट रीशफल में पीएम थाविसिन ने पिचित चुएनबान को पीएम ऑफिस में मंत्री के तौर पर नियुक्ति दी थी और यहीं नियुक्ति उन पर भारी पड़ी। पीएम थाविसिन पर गिरी गाज की वजह यह थी कि उनके द्वारा मंत्री नियुक्त किए गए पिचिट पर साल 2008 में एक कोर्ट ने अपनी अवमानना का केस चलाते हुए सजा के तौर पर उन्हें 6 महीने की जेल की सजा सुनाई थी।

अपहरण से जुड़ा है 9 साल पुराना मामला

## बांग्लादेश में शेख हसीना के खिलाफ दूसरा केस दर्ज

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके मंत्रिमंडल के पूर्व मंत्रियों समेत कई लोगों के खिलाफ एक वकील के अपहरण के आरोप में केस दर्ज किया गया है। बता दें कि शेख हसीना (76 साल) के इस्तीफा देने के बाद उनके खिलाफ यह दूसरा मामला है। द डेली स्टार अखबार की रिपोर्ट के अनुसार जबरन गायब किए जाने के मामले में पीड़ित सुप्रीम कोर्ट के वकील सोहेल राणा ने केस आवेदन दायर किया है। ढाका मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट फरजाना शकीला सुमू चौधरी की अदालत ने केस दर्ज करने का आदेश दिया। 5 अगस्त को शेख हसीना सरकार के इस्तीफे के बाद देशभर में भड़की हिंसक घटनाओं में बांग्लादेश में 230 से अधिक लोग मारे गए थे।











# आजादी से पहले दलित क्रिकेटर बालू ने बढ़ाई देश की शान फिरकी से इंग्लैंड में मचाई सनसनी, पर साथी छूते भी नहीं थे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

2001 की आशुतोष गोवारीकर निर्देशित फिल्म 'लगान' को दुनियाभर में खूब प्रशंसा हासिल हुई थी। क्रिकेट के खेल का आविष्कार भले ही फिरंगियों ने किया हो लेकिन फिल्म के मैच में ग्रामीणों की टीम जीत हासिल करती है। अंग्रेजों के खिलाफ दमदारी से खड़ा होने वाला भुवन अपनी बैटिंग और 'कचरा' के नाम से पुकारा जाने वाला दलित युवक अपनी बॉलिंग से इस जीत का नायक बनता है। भुवन का किरदार आमिर खान और कचरा का किरदार आदित्य लखिया ने निभाया था। फिल्म ने लोगों में राष्ट्रीय भावना का 'करंट' दौड़ाने और काबलियत पर विश्वास जगाने का काम किया था। 'लगान' की कहानी भले काल्पनिक हो लेकिन आजादी के पहले एक दलित युवा भी 'कचरा' की तरह अपनी स्पिन बॉलिंग से अंग्रेजों की नाक में दम कर चुका है। इसकी घूमती गेंदों का सामना करना अंग्रेज बैटर्स के सिरदर्द से कम नहीं था। इस दलित क्रिकेटर का नाम था बालू पालवंकर।

## जीवन पर बन रही बॉलीवुड मूवी

बालू की लाइफ स्टोरी इतनी रोचक है कि उनके जीवन पर बॉलीवुड मूवी बनने जा रही है। मशहूर इतिहासकार और क्रिकेट जानकार रामचंद्र गुहा की बुक 'ए कॉर्नर ऑफ ए फॉरेन फील्ड' पर केंद्रित इस फिल्म को फिल्ममेकर तिग्मांशु धूलिया बनाएंगे। फिल्म में बालू के अलावा उनके तीन अन्य क्रिकेटर भाई शिवराम, गणपत और विट्ठल के संघर्ष को भी दिखाया जाएगा।

## चोरी छुपे पहनते थे किट

19 मार्च 1876 को तत्कालीन बांबे प्रेसीडेंसी के धारवाड़ में दलित परिवार में जन्मे बालू को हर कदम पर अपमान और तिरस्कार मिला लेकिन इन परिस्थितियों में भी उन्होंने खुद को साबित किया। बालू ने जिस दौर में क्रिकेट खेला उस समय भारत की अपनी टीम नहीं थी और भारतीय क्रिकेट में धर्म आधारित टीमें क्रिकेट खेला करती थीं। बालू के पिता ब्रिटिश इंडिया आर्मी की 112वीं इनफ्रेंट्री रेजीमेंट में सिपाही थे। अंग्रेज अफसरों के क्रिकेट खेलने के बाद बालू चोरी छुपे उनके साजोसामान को पहनकर क्रिकेट खेलते थे।





### बालू की उपलब्धि

1905-1921
क्रिकेट करियर

33
फर्स्ट क्लास मैच

15.21
औसत

179 विकेट
753 रन

8/103
सर्वश्रेष्ठ

17 बार 5 विकेट
4 बार 10 विकेट

## ग्राउंड्समैन की नौकरी से मिला मौका

क्रिकेट के प्रति उनकी दीवानगी तब परवान चढ़ी जब पुणे में पारसीज की पिच पर उन्हें ग्राउंड्समैन की नौकरी मिल गई। बाद में अंग्रेजों के क्रिकेट क्लब में नौकरी करने लगे। यहां वे बैटरों को अपनी स्पिन बॉलिंग से प्रैक्टिस कराया करते थे। इंग्लैंड के फर्स्ट क्लास क्रिकेटर जेजी ग्रेग एक बार बालू के गेंदों पर कंट्रोल और टर्न से प्रभावित हुए और उन्हें क्रिकेट को गंभीरता से लेने की सलाह दी। इस पर अमल करते हुए इस युवा क्रिकेटर ने पुणे हिंदू क्लब से खेलना शुरू कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दलित बालू को टीम में जगह दी जाए या नहीं, इस मुद्दे पर हिंदू क्रिकेट क्लब में अलग-अलग राय थी। कुछ इसके पक्ष में थे तो कई विरोध में। बहरहाल, बालू का खेल कौशल विरोधियों पर भारी पड़ा और उन्हें टीम में जगह मिल गई।

## दलित होने के कारण साथ में खाना नहीं खाते थे अन्य प्लेयर

*दलित होने के कारण बालू को कई बार अपमानित होना पड़ा। ब्रेक के दौरान जब उच्च जाति के प्लेयर चीनी मिट्टी के बर्तन में चाय पीते तो बालू के लिए अलग बर्तन होता था। कोई उनके साथ बैठकर खाता-पीता नहीं था। कई बार तो उन्हें छूने से भी परहेज किया जाता। उन्हें बैटिंग नहीं दी जाती थी। हालांकि खेल में बालू अपने तथाकथित 'एलीट' साथियों पर भारी थे और यही कारण रहा कि मजबूरी में ही सही, क्लब को उन्हें टीम में स्थान देना पड़ा था।*

## 7 विकेट लेकर चर्चा में आए

*अंग्रेजों का क्लब वैसे तो प्रदर्शन में हिंदू क्रिकेट क्लब पर भारी पड़ता था लेकिन बालू के टीम से जुड़ने के बाद यह फर्क लगभग खत्म हो गया था। एक मैच में जब बालू ने 7 विकेट लेकर अंग्रेजों के जिमखाना क्लब की बैटिंग लाइन को तहस-नहस कर दिया तो हर कहीं वे ही चर्चा के केंद्र बन गए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस प्रदर्शन के लिए उन्हें हाथी पर बैठाकर घुमाया गया। समाजसुधार महादेव गोविंद रानाडे और बाल गंगाधर तिलक ने बालू का सम्मान किया और सवर्ण समाज के प्लेयर्स को छुआछूत की बेड़ियां तोड़कर बालू और दलित समाज के लोगों के साथ किसी तरह का भेदभाव न करने की नसीहत दी।*

## 114 विकेट लेकर लूटी वाहवाही

1911 के बाद तो बालू, भारतीय क्रिकेट के स्टार बन गए। इस वर्ष हिंदू, पारसी, मुस्लिम क्लब के प्लेयर्स की कंबाइंड टीम ने इंग्लैंड का दौरा किया। इस टीम में छह प्लेयर पारसी थे, पांच हिंदू और तीन मुस्लिम।



पटियाला राजघराने के भूपेंद्र सिंह (सिख) टीम के कप्तान थे। अलग-अलग क्लब से होने के कारण प्लेयर्स में तालमेल नहीं था। ऐसे में टीम को मान्यता प्राप्त काउंटी टीमों के खिलाफ 14 में से महज दो में ही जीत मिली। दौरे में भारतीय प्लेयर्स के कमजोर प्रदर्शन के बावजूद जो खिलाड़ी शान के साथ सिर ऊंचा करके लौटा तो वह थे बालू। बालू ने इंग्लैंड में 114 विकेट लिए थे। इंग्लिश मीडिया ने भी उनके प्रदर्शन की सराहना की। इस प्रदर्शन के बाद तो बालू खेल मैदान पर दलित समाज की प्रेरणा बन गए। भारतीय क्रिकेट के इस महान सपूत के प्रशंसकों में संविधान निर्माता बीआर अंबेडकर भी शामिल थे।

### कांग्रेस से जुड़े, समाज सुधार के लिए किया काम

गांधीवादी विचारधारा से प्रभावित होकर बालू बाद में सियासत से जुड़े और समाजसुधार के लिए काम किया। देश की आजादी के लिए भी वे मुखर रहे। अंबेडकर से प्रभावित होने के बावजूद उनसे कुछ मुद्दों पर बालू की असहमति भी रही। बालू कांग्रेस से जुड़े और बीआर अंबेडकर के खिलाफ बांबे से विधानसभा चुनाव लड़े हालांकि इसमें उन्हें हार मिली। कहा जाता है कि बाबा साहेब ने जब हिंदू धर्म छोड़कर बौद्ध धर्म अपनाया था तो बालू ने इसे आत्मघाती कदम बताया था। वर्ष 1955 में 79 वर्ष की उम्र में बालू का बंबई (अब मुंबई) में निधन हो गया। वे भारतीय क्रिकेट के ऐसे हीरो रहे जिन्हें वह सम्मान नहीं मिला जिसके वे हकदार थे।

# वनडे रैंकिंग : रोहित बने वर्ल्ड नंबर-2

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा हाल में श्रीलंका के खिलाफ समाप्त हुई वनडे श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बूते बुधवार को ताजा जारी आईसीसी वनडे रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में एक पायदान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गए। भारत हालांकि इस तीन मैच की श्रृंखला में 0-2 से हार गया था लेकिन रोहित ने दो अर्धशतकों से 52.33 के औसत से 157 रन बनाए थे। श्रृंखला का पहला मैच टाई रहा था। शुभमन गिल एक पायदान खिसककर तीसरे स्थान पर आ गए जबकि विराट कोहली अपने चौथे स्थान पर बरकरार हैं।

## मोर्कल बने भारत के नए गेंदबाजी कोच

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज मोर्ने मोर्कल को भारतीय क्रिकेट टीम का नया गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। इसके साथ ही नए मुख्य कोच गौतम गंभीर के पसंदीदा सहयोगी स्टाफ की नियुक्ति की प्रक्रिया भी पूरी हो गई। समझा जाता है कि पारस म्हाम्ब्रे की जगह लेने वाले 39 साल के मोर्कल बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के साथ टीम से जुड़ेंगे। बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट 19 सितंबर से चेन्नई में खेला जाएगा।

# श्रीजेश 'माडर्न इंडियन हॉकी के गॉड', बने जूनियर कोच, जर्सी-16 रिटायर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने बुधवार को दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश के सम्मान में उनकी जर्सी नंबर 16 को सीनियर टीम से रिटायर करने का फैसला किया। श्रीजेश ने हाल ही में संपन्न पेरिस खेलों में देश को लगातार दूसरा ओलंपिक कांस्य पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बाद खेल को अलविदा कह दिया। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि भविष्य में किसी भी सीनियर टीम के खिलाड़ी को 16 नंबर की जर्सी नहीं दी





जाएगी, हालांकि जूनियर स्तर पर यह जर्सी मिलेगी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने इस अनुभवी खिलाड़ी के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि श्रीजेश ने 'आधुनिक भारतीय हॉकी के भगवान' कहलाने का अधिकार अर्जित किया है। भोला नाथ ने आधिकारिक तौर पर यह भी घोषणा की कि लगभग दो दशक तक देश का प्रतिनिधित्व करने वाले 36 वर्षीय श्रीजेश जूनियर राष्ट्रीय कोच की भूमिका निभाएंगे। केरल के इस अनुभवी खिलाड़ी के सम्मान में समारोह में उपस्थित खिलाड़ियों ने एक जैसी लाल जर्सी पहनी हुई थी जिसके पीछे श्रीजेश का नाम लिखा हुआ था। समारोह में पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर भी मौजूद थीं जो स्वतंत्रता के बाद एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने भारतीय ओलंपिक दल से की मुलाकात



*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को भारतीय ओलंपिक दल से मुलाकात करके पेरिस ओलंपिक में खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। राष्ट्रपति भवन ने एक्स पर तस्वीरों के साथ पोस्ट किया, 'राष्ट्रपति मुर्मू ने पेरिस ओलंपिक में भाग लेकर लौटे भारतीय दल से गणतंत्र मंडप, राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि वे देश के युवाओं खासकर युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।*






# स्वतंत्रता दिवस से जुड़ी ये 8 रोचक बातें, हर किसी को होनी चाहिए पता



**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस भारत का महत्वपूर्ण राष्ट्रीय त्योहार है, जो हर साल 15 अगस्त के दिन मनाया जाता है। इस दिन भारत ने ब्रिटिश शासन से आजादी हासिल की थी। स्वतंत्रता दिवस भारत के लिए गर्व और एकता का प्रतीक है। यह दिन हमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की कड़ी मेहनत और बलिदान की याद दिलाता है और एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक भारत के निर्माण के हमारे दायित्व को दोहराने का अवसर देता है। स्वतंत्रता दिवस से जुड़ी कई ऐसी रोचक बाते हैं, जो हर भारतीय को पता होनी चाहिए।

## तिरंगे का निर्माण

भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के डिजाइन को पिंगली वेंकैया ने तैयार किया था। मूल डिजाइन 1921 में महात्मा गांधी को प्रस्तुत किया गया था और वर्तमान तिरंगे को 22 जुलाई 1947 को भारत की संविधान सभा द्वारा अपनाया गया।

## पहला आंदोलन

सदियों तक अंग्रेजी हुकूमत ने भारत पर राज किया लेकिन जब अंग्रेजों का उत्पीड़न बढ़ने लगा तो देश की अलग अलग जगहों पर विरोध शुरू हुआ। ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ और आजादी की मांग को लेकर सबसे पहला और बड़ा विरोध 1857 की क्रांति थी। इस क्रांति की आग पूरे देश में फैली और पूरे देश में आंदोलन शुरू हो गए।

## पहला ध्वजारोहण

15 अगस्त 1947 को भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लाल किले पर पहली बार ध्वजारोहण किया था। यह परंपरा तब से हर साल जारी है और हर प्रधानमंत्री इस दिन लाल किले पर झंडा फहराते हैं और देश को संबोधित करते हैं।

## लाल किले की परेड

स्वतंत्रता दिवस के समारोह का मुख्य आकर्षण लाल किले पर आयोजित होने वाली परेड होती है, जिसमें भारतीय सेना, नौसेना, वायु सेना और अन्य सुरक्षा बलों की टुकड़ियां भाग लेती हैं। इसके अलावा, विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक झांकियों का प्रदर्शन भी होता है।

## राष्ट्रध्वज से जुड़े रोचक तत्व

भारतीय राष्ट्रीय ध्वज में शामिल केसरिया रंग साहस का प्रतीक है। श्वेत रंग सत्य और शांति का प्रतीक है। हरी पट्टी उर्वरता, वृद्धि और भूमि की पवित्रता का प्रतीक है। इसमें मौजूद अशोक चक्र में 24 तीलियां होती है।



## राष्ट्रगान के नियम

राष्ट्रगान गाए और बजाए जाते समय हमेशा सावधान की मुद्रा में खड़े रहना चाहिए। उच्चारण सही और 52 सेकेंड की अवधि में ही गाया जाना चाहिए।



## राष्ट्रगान

स्वतंत्रता दिवस पर 'जन गण मन' को राष्ट्रगान के रूप में गाया जाता है। इसे पहली बार 1911 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता (अब कोलकाता) अधिवेशन में गाया गया था। रवींद्रनाथ टैगोर राष्ट्रीय गान के रचयिता हैं।

## राष्ट्रीय अवकाश

स्वतंत्रता दिवस भारत में एक राष्ट्रीय अवकाश है। इस दिन सभी सरकारी कार्यालय, स्कूल, और अधिकांश निजी संस्थान बंद रहते हैं। लोग ध्वजारोहण, परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हैं।


# पहले स्वतंत्रता दिवस पर क्यों नहीं गाया गया था राष्ट्रगान? ये है कारण



**नई दिल्ली।** हमारे देश में स्वतंत्रता दिवस के जश्न में राष्ट्रगान का बड़ा महत्व है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि पहले स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रगान क्यों नहीं गाया गया था? जी हां, पहली बार जब स्वतंत्रता दिवस मनाया गया था तब देश में राष्ट्रगान नहीं गाया गया था। चलिए इसकी वजह और इतिहास जानते हैं। रविंद्रनाथ टेगौर देश का राष्ट्रगान 'जन गण मन' 1911 में ही लिख चुके थे। लेकिन इसे राष्ट्रगान के तौर पर 1950 में मान्यता मिली। दरअसल आजादी की जंग में सिर्फ रविंद्रनाथ टैगोर का लिखा 'जन गण मन' ही लोकप्रिय नहीं हुआ था, बल्कि इसके अलावा और भी दो गीतों को काफी लोकप्रियता मिली थी। ये थे 'वंदे मातरम' यानी हमारा राष्ट्रगीत और 'सारे जहां से अच्छा'। ये वो गीत थे जिनने देश में स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लोगों में एक नई जान भरने का काम किया, जिसका असर 1947 को पूरी दुनिया को नजर आया।

## कैसे मिला देश को राष्ट्रगान?

राष्ट्रगान के चुनाव के लिए 'जन गण मन' और 'वंदे मातरम' के बीच वोटिंग कराई गई। कई विवादों के बावजूद उस समय सबसे ज्यादा वोट 'वंदे मातरम' को ही मिले। हालांकि, विविधता में एकता वाले राष्ट्र के लिए एक ऐसे राष्ट्रगान की जरूरत थी जो पूरे देश का प्रतीक बन सके। यही वजह थी कि सबसे ज्यादा वोट मिलने के बावजूद भी 'वंदे मातरम' को राष्ट्रगान नहीं बनाया गया। 1950 में जब संविधान बनाया गया तो उसमें 'जन गण मन' को राष्ट्रगान के तौर पर मान्यता दी गई।


गंजेपन का ईलाज
अत्याधुनिक तकनीक द्वारा केश प्रत्यारोपड़ FUT एवं FUE तकनीक द्वारा
गंजेपन का ईलाज
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371



महा बचत
ALTO K10 ₹56 100*
S-PRESSO ₹56 100*
WAGONR ₹58 100*
CELERIO ₹53 100*
EMI STARTING FROM ₹1582 –PER LAKH–
100% ON-ROAD FUNDING AVAILABLE
SCAN TO CHAT WITH US
ALTO K10 S-PRESSO WAGONR CELERIO
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI DEALERSHIP.
Black glass on the vehicle is due to lighting effect.

SKY AUTOMOBILES
RAIPUR: MAHOBA BAZAR: CALL: 9893307422,9584433191. AVANTI VIHAR: CALL: 9109900120, 9584433131. DHAMTARI: CALL: 9893307417. BALODA BAZAR: CALL: 9584433123, 9111107004. SARAIPALI: CALL: 9584433874. KANKER: 8889998604. KASDOL: 9584433135. SARSIWA: 9584433874. TILDA: 9584465301. KHARORA: 9584465301. ABHANPUR: 9584466869. JAGDALPUR: 9584433110, 9584465281. KONDAGAON: 7909903505.

SPARSH AUTOMOBILES
RAIPUR: PACHPEDI NAKA: CALL: 9669800435, 9039632618. MAHASAMUND: CALL: 8319900585. RAJIM: CALL: 9926104449. BHATAPARA: CALL: 8269428131. GARIYABAND: 8435119922. PITHORA: 8224949998. CHARODA: CALL: 9644824911. DURG: CALL: 6202384986. RAJNANDGAON: CALL: 9977039992. DONGARGARH: CALL: 9827643832. BHILAI: CALL: 9111107268, 9294603353. KHAIRAGARH- 9827643832.

VISHWABHARTI AUTOMOBILES
RAIPUR: MOWA: 6262620000, 6262620012, 6262620047. BASNA: 6262620031. ARANG: 6262620007/14.

HDN MOTORS
RAIPUR: TATIBANDH: CALL: 7909800007, 7909800005. BAGBAHRA : 7909800034. KURUD: 7909800050. SIMGA: 7909800070.

CHOUHAN AUTOMOBILES
BHILAI: 7222910011, 22, 33. KAWARDHA: 7222910044. BEMETERA: 7222910025. BALOD: 7222910012. DALLIRAJHARA: 7222910029

*Offer includes consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offer (wherever applicable) on selected models/ variants. Above mentioned savings amount is the value of maximum savings on selected models. **Terms and conditions apply. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black Glass Shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper. Offers vary across variants. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. Above offers are valid till 31st August, 2024.



एक्स-शोरूम क़ीमत** ₹ 81948
कम डाउन पेमेंट+ ₹ 8999
किसी भी कॉर्पोरेट/संस्थागत पूछताछ के लिए prerit.gangwal@heromotocorp.com पर ईमेल करें.

खुशियों के 100 दिन | अपनी खरीदारी पर 100% कैशबैक जीतने का मौका पाएँ**

CALL TOLL-FREE 1800 266 0018
Suvidha+ — नकद में किश्त का भुगतान करें —

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. CIN: L35911DL1984PLC017354. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^^Based on offers from empaneled dealers on Wheels of Trust platform. #HIPL stands for High Intensity Position Lamp. ##RTMI stands for Real Time Mileage Indicator. +Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships.*Calculated on the basis of existing petrol price of ₹95/l and Super Splendor XTEC mileage of 69 km/l. ^Mileage is based on the testing report of Govt. certified agency. Actual mileage may vary as per road / riding conditions. ++Offer is applicable till 3rd Oct'24 on purchase of Hero two wheeler. Each day one participant shall be eligible for 100% cashback on their Hero product purchase price. Terms and Conditions apply. **Starting Ex-showroom price of Super Splendor XTEC Drum in Raipur. T&C apply.

अधिकृत डीलरः रायपुरः छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांवः जय हीरो 9289922357, धमतरीः सत्योम हीरो 9289922525, कांकेरः राहुल हीरो 9289922834, महासमुंदः वत्स हीरो 9289922623. बलोदाबाजारः अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंगः श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतराः श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धाः सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुरः विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ाः जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापाराः कुशल हीरो 9289923052, भिलाईः इंडियन हीरो 9289922355, दुर्गः उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरोः (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलरः रायपुरः संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरियाः ललित सर्विसेज 8770383767, भनपुरीः ओम ऑटो एजेंसीः 6261535855, दोमुहानीः किरण मोटर्स 9754069392, लवनः गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, भिंभौरीः श्री राम मोटर्सः 8462900028/9340005833 गुरुरः श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोडलाः विक्की मोटर्सः 9755583102, पांडातराईः शक्ति ऑटोमोबाइल्सः 9179035073, अभनपुरः राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरियाः अंकित ऑटोः 9425240565, नवागढ़ः श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिमः गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोराः अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपालीः बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़ः युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दाः आरसन मोटर्स 9340335266, नगरीः हर्ष ऑटो 8109502100, पाटनः दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहराः प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांवः आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017, नारायणपुरः गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकालः साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, जिगड़ीः किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांवः राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरलाः कान्हा मोटर्स 98931058752 /6260472025 , कसडोलः बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोदः जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतराः माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंदः छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, चरोदाः सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंदरदेहीः एम.एम. ऑटो 8720051135, जामुलः जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसालीः भारत मोटर्स 9993417123, फिंगेश्वरः अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3ः महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुदः शिव ऑटो, 8305711110, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः रायपुरः आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉपः रायपुरः आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेयर पार्ट्स के लिए संपर्क करेंः अधिकृत स्टॉकिस्टः संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुरः आरसन हीरो 9285052266, भिलाईः इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहराः लक्ष्मी हीरो 9289922983,

FCB INTERFACE/5707/JULY 2024/HINDI

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com